हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 09.10.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 80 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3~~ 2 रुपये


# हरियाणा में बीजेपी की हैट्रिक, जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के हाथ सत्ता की चाबी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया है। वहीं भाजपा ने हरियाणा में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धता बताते हुए लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनावी नतीजों में एनसी को 42, भाजपा को 29, कांग्रेस को 06, पीपल डेमोक्रेटिक पार्टी 03, जम्मू-कश्मीर पीपल कॉन्फ्रेंस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और आम आदमी पार्टी को एक-एक सीटें मिली हैं जबकि सात सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती हैं। राज्य में सरकार बनाने के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। एनसी और कांग्रेस के गठबंधन को कुल 48 सीटें मिली हैं। राज्य में 10 साल बाद हुए चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बननी तय मानी जा रही है।

दूसरी ओर हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे पूरी तरह से अप्रत्याशित रहे। तमाम एग्जिट पोल और एंटी इनकंबेंसी के दावों को धता बताते हुए इस बार भी भाजपा राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा को 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटों पर जीत मिली हैं। कांग्रेस को 37, इंडियन नेशनल लोक दल को दो सीटें मिली हैं। तीन सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती हैं। नतीजों से

राज्य में भाजपा की सरकार बननी तय है।

जम्मू-कश्मीर में भाजपा को जम्मू क्षेत्र और एनसी को कश्मीर क्षेत्र में ज्यादा सीटें मिली हैं। मत प्रतिशत के हिसाब से भाजपा जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाली पार्टी बनी है। भाजपा को 25.64 प्रतिशत वोट मिले हैं और उसके बाद एनसी को 23.43 प्रतिशत मत मिले हैं। कांग्रेस को यहां 11.97 प्रतिशत वोट मिले हैं। दूसरी ओर हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस का मत प्रतिशत का अंतर बहुत कम रहा है। भाजपा को 39.94 प्रतिशत और कांग्रेस को 39.09 प्रतिशत मत मिले हैं।

### हरियाणा की जीत विकास और सुशासन की राजनीति की जीत : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली जीत को विकास और सुशासन की राजनीति की जीत बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी नतीजों के बाद एक्स पर कहा कि हरियाणा का हृदय से आभार। भाजपा को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए वे हरियाणा की जनशक्ति को नमन करते हैं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। वे यहां के लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

### जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना हमारी प्राथमिकता : जयराम

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेस ने कहा है कि प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना उसकी प्राथमिकता होगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीटें जीती हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश और प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत दिया है। यहां सरकार बनने के बाद केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना हमारी पूरी प्राथमिकता होगी।

### जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनकर परिवार की विरासत आगे बढ़ाने को तैयार : उमर

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बडगाम में प्रभावशाली जीत हासिल करने के बाद कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनकर अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। कुछ महीने पहले ही अब्दुल्ला को लोकसभा चुनावों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की कि उनके बेटे उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 41 सीटों पर आगे चल रही जेकेएनसी सहयोगी कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## हेमन्त सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में 76 नवनियुक्तों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# सरकार का पहिया बनकर राज्य के सर्वांगीण विकास में निभाएं अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नौजवानों को नियुक्ति पत्र, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षा में विशिष्ट पहचान बनाने वाले विद्यालयों का अलंकरण और नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर तीन नए विद्यालयों का शिलान्यास। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में एक बार फिर एक साथ कई सौगातें देकर शिक्षा के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम की।

- चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में तीन विद्यालयों का किया ऑनलाइन शिलान्यास।
- जैक, सीबीएसई, आईसीएसई की 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा एवं झारखंड ओलंपियाड के टॉपर्स को किया सम्मानित।
- विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण प्राप्त करने वाले विद्यालयों को भी मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित।

### मुख्यमंत्री ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया

मुख्यमंत्री ने समरोह में 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, 4 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 अस्सिटेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर तथा झारखंड भवन नई दिल्ली तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में 6 को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास कर झारखंड को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। समारोह उस वक्त और विशेष बन गया, जब मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड - 2023 के टॉपर्स को सम्मानित कर उनके हौसले, उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आप राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया बन रहे हैं

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### यह पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि है

मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपको आज पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि मिल रहा है। ताकि, आप आगे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें पहले इसका दायरा काफी सीमित था। लेकिन, अब इसमें जैक के अलावा सभी अन्य सभी बोर्ड के टॉपर्स को भी शामिल कर उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य अपने मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा को नई दिशा देना है।

### सिर्फ खनिज संपदा नहीं प्रतिभा के रूप में भी झारखंड की हो पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान सामान्य तौर पर अपने खनिज संसाधनों के लिए होती है। लेकिन, हम इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं कि प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में झारखंड की अलग पहचान बने, चाहे वह शिक्षा हो या खेल या कोई और क्षेत्र। सरकार शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्द लेगी नीतिगत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है। अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है। लेकिन, विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्दी नीतिगत निर्णय लेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बैद्यनाथ राम, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के एसपीडी शशि रंजन मौजूद थे।

## आरजी कर अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

एजेंसी

**कोलकाता :** धर्मतला में अपनी दस सूत्री मांगों के लिए अनशन पर बैठे सात जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस घटनाक्रम ने आंदोलन को नाटकीय मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। जूनियर डॉक्टरों ने सीनियर डॉक्टरों को 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर उनके इस फैसले का स्वागत किया।

सीनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस्तीफा सौंपा और मांग की है कि आंदोलनरत डॉक्टरों की मांगों पर सरकार तत्काल कदम उठाए। आरजी कर के एक सीनियर डॉक्टर ने कहा, आमरण अनशन आखिरी विकल्प है। मजबूरी में जूनियर डॉक्टरों ने यह कदम उठाया है। ढाई दिन से ज्यादा समय बीत चुका है और अब तक सरकार की तरफ से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसलिए हमने सामूहिक इस्तीफा दिया है और इसके बाद हम व्यक्तिगत रूप से भी इस्तीफा देने का रास्ता अपना सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि शनिवार से धर्मतला में एक अस्थायी मंच पर जूनियर डॉक्टर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उनकी मांगों को लेकर 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा देकर अपना समर्थन जताया है। शनिवार को जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त कर अनशन शुरू करने का फैसला किया था, लेकिन अब सीनियर डॉक्टरों के इस्तीफे से पूजा के दौरान आरजी कर अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं बाधित होने की आशंका जताई जा रही है।

सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जूनियर डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के 90 प्रतिशत विकास कार्य अगले 10 तारीख तक पूरे हो जाएंगे। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष महीने का जिक्र नहीं किया था। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अस्पतालों में रेफरल सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट 15 तारीख से शुरू होगा और एक नवंबर से पूरे राज्य में इसे लागू किया जाएगा। पंत ने कहा, हम सभी से काम पर लौटने की अपील कर रहे हैं।

# मंईयां सम्मान यात्रा पहुंची लोहरदगा, मांडर एवं रातू 50 लाख महिलाओं के खाते में भेजी गयी तीसरी किस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा, मांडर एवं रातू में मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम हुआ। लोहरदगा में कार्यक्रम स्थल से ही झारखंड की लगभग 50 लाख बेटियों, माताओं, बहनों एवं दीदियों के खाते में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। मंत्री बेबी देवी ने बटन दबाकर लगभग 497 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कीं। इस अवसर पर बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच झारखंड की दीदियों, माताओं, बहनों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसलिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्हें मजबूती प्रदान की जा रही है। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कार्यक्रम में आयीं हजारों महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से अब तक झारखंड की 50 लाख महिलाओं को जोड़ा गया है। नवरात्र के अवसर पर आज झारखंड की करीब 50 लाख माताओं, बहनों, बेटियों के खाते में तीसरी किस्त की राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की बात की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, यदि काम गिनाना करना शुरू करें, तो लिस्ट काफी लंबी हो जाएगी। सरकार अबुआ आवास योजना के जरिये लाभुकों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है।

विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने

कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका हौसला ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की असली पूंजी है। वह चाहते हैं कि झारखंड की आधी आबादी सशक्त बनें। मजबूत रहें। मानसिक रूप से, शारीरिक रूप से भी और आर्थिक रूप से भी। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ राशि नहीं है, यह आधी आबादी का आत्मविश्वास है। झारखंड में पहली बार आपका बेटा, आपका दादा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आधी आबादी को वो सम्मान दिया है जिसकी वो हकदार थीं। उन्होंने कहा की महिला परिवार को, समाज को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि की तीसरी किस्त आपको नवरात्र के अवसर पर दी जा रही है। इससे पहले पहली किस्त रक्षाबंधन के अवसर पर और दूसरी किस्त करम पूजा के अवसर पर दी गई थी। उन्होंने कहा कि हम जहां जा रहे हैं, हमें उत्साह, तरंग और उमंग नजर आ रहा है। इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से लाभुकों से बात की गई। कोडरमा जिला की लाभुक बसंती देवी ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से वह बहुत खुश हैं। झारखंड में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने हम महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का बहुत बहुत आभार। उन्होंने कहा कि ये सम्मान पाकर वह बहुत खुश हैं।

विधायक कल्पना सोरेन ने उनसे पूछा की इस राशि को कहां खर्च करेंगी, तो उन्होंने कहा कि वो अपने बच्चों पर खर्च करेंगी। तब कल्पना सोरेन ने कहा कि मां की ममता ही ऐसी होती है कि वह अपने आप को बच्चों से पहले नहीं रखती। फिर भी उन्होंने उनसे अनुरोध किया कि आप इस राशि का कुछ अपने ऊपर भी खर्च करें।

# रांची और धनबाद में वकील, डीटीओ और सीओ सहित अन्य के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर मंगलवार को झारखंड में दबिश दी है। ईडी ने एक वकील के साथ धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि के ठिकानों पर छापेमारी क। ये कार्रवाई पंडरा थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गयी है।

धनबाद में सुबह ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद के देव विहार स्थित आवास दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंची, जहां से उन्हें भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। अपार्टमेंट में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इससे पहले भी उनसे कई बार पूछताछ हो चुकी है। रांची के एक कारोबारी और वकील ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने ईडी को

मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता सुजीत सिंह पर छह करोड़ रुपये ठगने का आरोप लगाया था।

इधर, अधिवक्ता का कहना है कि पैसे नहीं लौटाने पर जमीन कारोबारी ने उनका अपहरण कर लिया था। किसी तरह वे उनकी चंगुल से छूटे और पंडरा ओपी पहुंचकर मामला दर्ज कराया। उन्होंने दर्ज कराये गये केस में जमीन कारोबारी संजीव पांडेय, सीओ प्रभात भूषण, दिवाकर द्विवेदी सहित तीन सीओ का नामजद आरोपित बनाया है। इसी मामले में ईडी ने ये कार्रवाई की है।

इस मामले में रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया था कि सुजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि जमीन घोटाला में ईडी के आरोपित कमलेश कुमार से जुड़े हटिया निवासी जमीन कारोबारी संजीव पांडेय व अन्य लोग उनके रातू रोड ऑफिस में आये और उन्हें जबरन कार में बैठा लिया।

इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए कई एटीएम में ले गये और उनके खातों से पैसा निकलवाया। साथ ही बैंक एकाउंट से भी रुपये ट्रांसफर कराये। उन लोगों ने कुल 12 लाख रुपये ले लिए वे लोग रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

## एक नजर

### पूर्व विधायक ने सरकार से रैयती मान्यता के तहत मुआवजे की मांग की

**बड़कागांव** : बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने झारखंड सरकार से गैर मजरूआ जमीन को लेकर सरकार के द्वारा मुआवजे की मांग की है। लोकनाथ महतो ने पत्रकारों से बात करते हुवे कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से सत्यापित किए गए गैर मजरूआ जमीन को, रैयती के तहत मुआवजा की मांग करता आ रहा हूं। परंतु किसी प्रकार कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि चतरा, कोडरमा जिले में गैर मजरूआ जमीन का राशि रैयती मान्यता के तहत दी जा रही है। बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में गैर मजरूआ जमीन कौड़ी की भाव में ली जा रही है। इससे जनता में काफी आक्रोश है। इसलिए गैर मजरूवा जमीन को रैयती मान्यता के अनुसार मुआवजा राशि का भुगतान करने की मांग करता हूं। आगे कहा कि झारखंड सरकार ने पूरे राज्य में 30 वर्षों से खेती-बाड़ी करने वाले गैर मजरूआ जमीन को रैयती मान्यता देने की बातें कही थी। ग्रामीणों के सैकड़ो एकड़ गैर मजरुवा जमीन कोल कंपनियों ने अधिग्रहण कर रखी है परंतु उसका मुआवजा अब तक रैयत को नहीं मिला है।

### हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक जीत पर डॉ. अमित ने दी बधाई

**हजारीबाग** : हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार प्रचंड जीत पर डॉ. अमित सिन्हा, जो वर्तमान में मौन व्रत का पालन कर रहे हैं, ने लिखित रूप से हरियाणा की जनता को बधाई दी और हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत हरियाणा की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा की नीतियों पर विश्वास की जीत है। जनता ने एक बार फिर से विकास, सुशासन और स्थिरता को चुना है। डॉ. सिन्हा ने अपने संदेश में लिखा, हरियाणा की जनता ने स्पष्ट रूप से संदेश दिया है कि वह भाजपा की सरकार के साथ हैं। यह जीत भाजपा के कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और जनता के अपार समर्थन का परिणाम है। मैं हरियाणा के सभी मतदाताओं को बधाई देता हूँ और उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूँ। कांग्रेस पर तंज कसते हुए, डॉ. सिन्हा ने व्यंग्यात्मक अंदाज में लिखा, कांग्रेस के लिए हरियाणा की जनता की ओर से सभी को जलेबी भेजी जा रही है। यह जीत उन सभी राजनीतिक दलों के लिए सबक है, जो जनता की भावनाओं को समझने में विफल रहे हैं। हरियाणा की जनता ने भाजपा को एक बार फिर भारी समर्थन देकर यह जता दिया है कि उनकी पसंद कौन है। डॉ. सिन्हा ने आगे लिखा कि इस जीत से भाजपा के कार्यकताओं और समर्थकों का उत्साह और बढ़ेगा, और पार्टी हरियाणा की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूती से निभाएगी। उसी तरह झारखंड में भी झामुमो की भ्रष्ट और अराजक सरकार को उखाड़ फेंकना है और यहां पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनानी है।

### केबीसी 16 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्टूडेंट अनन्या

**हजारीबाग** : केबीसी का 16 वां सीजन सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में स्पेशलाइजेशन कर रहे, बेंगलुरु निवासी कंप्यूटर साइंस की तीसरे वर्ष की छात्रा अनन्या विनोद हॉटसीट की शोभा बढ़ाएंगी। टेक्नोलॉजी के भविष्य को आगे बढ़ाने वाली फील्ड, एआई के प्रति अनन्या के समर्पण से अमिताभ बच्चन अच्छे खासे प्रभावित हुए। उन्होंने उनके प्रयासों की तारीफ की और इस बात पर भी गर्व व्यक्त किया कि अनन्या जैसे युवा अत्याधुनिक क्षेत्रों में भारत की प्रगति में योगदान दे रहे हैं।

# बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने 33 करोड़ से अधिक की योजनाओं की रखी आधारशिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के लगभग 33 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास योजनाओं के आधारशिला रखी गई। इस दौरान सर्वप्रथम बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनने वाले ट्रॉमा सेंटर एवं प्राइवेट हॉस्पिटल के तर्ज पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विधिवत पूजा अर्चना करके शिलान्यास किया गया। अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मियों ने इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद का भव्य तरीके से स्वागत किया।तत्पश्चात विधायक अंबा प्रसाद में क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में दौरा करते हुए बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के चोपदार बलिया पंचायत में चोपदार बलिया मुख्य पथ से कब्रिस्तान मैदान तक पथ निर्माण, नयाटांड़ पंचायत अंतर्गत भदुली पिपराडीह मुख्य पथ से भुइयां टोली होते हुए विद्यालय तक पथ निर्माण,सांढ़ पंचायत के छपेरवा में होरिल महतो के घर से बिमल महतो के खेत होते हुए पुराने पथ तक सड़क निर्माण,बड़कागांव पूर्वी पंचायत में बिराज साव के घर से राम जानकी मंदिर से होते हुए जगदीश साव के दुकान तक पथ व नाली निर्माण, सिरमा पंचायत में अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक गाडवाल, सिरमा पंचायत के पड़रिया एवं चोरका के बीच बड़की होरहोरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, आगों पंचायत में उरेज एवं पचंडा के बीच उच्च स्तरीय पुल निर्माण, नापो खुर्द पंचायत में खेराड़ नदी पर पुल निर्माण, गरसुल्ला पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहाड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ निर्माण, ग्राम चानो एवं लुरंगा के बीच धोबनी नदी पर पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद द्वारा चोपदार बलिया पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय गंगादोहर का चार दिवारी निर्माण कार्य, नव प्राथमिक विद्यालय नापोखुर्द का सुदृढ़ीकरण, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय हरली का उन्नयन कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का उन्नयन कार्य की भी आधारशिला रखी गई। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सईद अनवर, दिनेश प्रसाद, नरेश बेदिया, कुलदीप बेदिया, अजीत महतो, मोहम्मद शमशेर, सहित कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष कोर कमेटी के सदस्य एवं आम जनमानस मौजूद रहे।

## अवैध ढीबरा लदा पिकअप हुआ जब्त, चालक फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड के देहर, ताजपुर, दादपुर, भगहर आश्रयणी के वनकर्मियों ने वर्षो से की जा रही ढीबरा (अबरक) का तस्करी का पदार्फाश करने में सफल हुए हैं। उक्त बातें बताते हुये प्रभारी वनपाल मो० अयूब अंसारी ने कहा कि घनघोर जंगल ढोढ़ीया, पथलगड्डा, दुरागढा, बेलगड्डा से कोयला, भदान, कैरी, सोहरा, बिघा, मोरनिया से पत्थर का अवैध तरीके से तस्करी की जा रही थी। संसाधन की कमी और तस्करों के रणनीति के कारण पकड़ने में असफल हो जा रहे थे। उन्होंने कहा कि छापामारी का प्लान में फेरबदल कर रविवार देर शाम सेंचुरी एरिया से अवैध ढ़ीबरा लदे पिकअप वाहन को जप्त किया गया। वन विभाग को सूचना मिली थी कि प्रतिदिन रात के अंधेरे में उक्त पथ से अवैध रूप से ढ़ीबरा निकाल कर देश-विदेश भेज कर लाखो-करोड़ो रुपए का मुनाफा कमा कर जंगल को तहस नहस कर रहे थे। सूचना पर वन विभाग के प्रभारी वनपाल मो० अयूब अंसारी के द्वारा उक्त पथ में गश्ती अभियान चलाये जाने के क्रम मे एक पिकअप संख्या बीआर 02 जीबी 1191 आता दिखा। जिसे वनकर्मियों ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर पिकअप को खड़ा कर जंगल की और भाग गए। बाद में वन वनकर्मियों ने अवैध ढ़ीबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त कर वन विभाग चौपारण कार्यालय ले आये। वही प्रभारी वनपाल आंसरी ने बातया की वाहन मालिक व ढ़ीबरा व्यवसाई के नाम की जांच पड़ताल की जा रही है।

## दुर्गा पूजा के छठे दिन सांसद ने रामगढ़ के विभिन्न पंडालों में जाकर की पूजा-अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : लोकसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक में सोमवार को दिल्ली से भाग लेकर झारखंड लौटने के बाद मंगलवार की अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दुर्गा पूजा के छठे दिन मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप, महिषासुरमर्दिनी मां कात्यायनी की पूजन के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला, दुलमी, चितरपुर, रामगढ़ और रामगढ़ कैंट के दो दर्जन से अधिक दुर्गा पूजा पंडालून का भ्रमण कर पूजा- अर्चना किया और मां दुर्गा से समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक क्षेत्र भ्रमण का एक ही उद्देश्य है की माता रानी लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं और लोगों का जीवन सुखमय हो, आदिशक्ति मां दुर्गा से मैं यही प्रार्थना कर रहा हूं। इस क्रम में स्थानीय दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा जगह-जगह पर सांसद जायसवाल का भव्य स्वागत भी किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने डर के क्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित बरलंगा, नावाडीह, पूरबडीह, चक्रवाली, चौकाद, मुरपा, कुष्टेगढ़ा, कोराम्बे, गोला, कामता, खोखा, दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी, बिरडोंडे, चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगढ़ा, लारी, पसराटोला लारी, बोरोबिंग, बड़कीपोना, रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के छत्तर, बूढ़ाखुखरा, गोसा और रामगढ़ कैंट क्षेत्र के विकास नगर, बिजुलिया और चट्टी बाजार दुर्गा पूजा पंडाल का सांसद मनीष जायसवाल ने भ्रमण किया। इस दौरान कई पूजा पंडालों का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से रामगढ़ विधानसभा युवा नेता राजीव जायसवाल, सुभाष कोटवार, जितेंद्र महतो, सुकेन्द्र साव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर परिसर में नवरात्र के अवसर पर आज और कल होगा भव्य डांडिया का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : शारदीय नवरात्र को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति का एक अलग उमंग देखा जा रहा है विभिन्न मोहल्लों के पंडालों में पारंपरिक रूप से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा किया जा रहा है। हजारीबाग के शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों ने भी भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है। जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग शहर के शिवपुरी में अवस्थित दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर ) में भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से नवरात्र की पूजा की जा रही है। पूजा समिति के द्वारा बताया गया कि 9 और 10 अक्टूबर को डांडिया का आयोजन किया गया है। 9अक्टूबर को होने वाले डांडिया में सिर्फ महिला और युवती भाग ले सकते हैं वहीं 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में महिला पुरुष (परिवारि के सदस्य) की जोड़ी ही प्रवेश पा सकते है समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह के नशा का सेवन कर आने वाले लोगों का प्रवेश वर्जित है कार्यक्रम को लेकर काली पूजा समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि मां काली की असीम अनुकम्पा से इस परिसर में होने वाले सभी धार्मिक अनुष्ठान बिना व्यवधान के संपन्न होता है और समस्त शिवपुरी के लोगों का सहयोग होता है। पूजा समिति हजारीबाग शहर के विकास, सुख, शांति और समृद्धि के लिए निरंतर अनुष्ठान करता है और हमारा मानना है कि मां काली की कृपा हम हजारीबाग वासियों पर बरसती है। मौके पर समिति संरक्षक डॉ (प्रो.) प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास, शंकर प्रसाद अम्बष्ठा, शंभू शरण सहाय दीपक नाथ सहाय, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष अमर सिन्हा, सचिव चंदन पाठक, निशांत कुमार प्रधान, पीयूष कुमार, अमरेश सिंह, सन्नी सिंह समेत शिवपुरी के दर्जनों गणमान्य व युवक उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय किस्त का किया गया भुगतान

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय किस्त का भुगतान हेतु एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला परिषद उपाध्यक्ष व अन्य लाभुकों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत स्वीकृत 133909 लाभार्थियों के बीच कुल 13 करोड़ 39 लाख 9 हजार राशि का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से 25 लाभुकों के बीच तृतीय किस्त का भुगतान हेतु प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

## एसडीओ व इंस्पेक्टर ने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमेटी को दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन हो रहा है, जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था की समीक्षा की। बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, नवपदस्थापित एसडीपीओ अजीत कुमार विमल व इंस्पेक्टर आभास कुमार ने बरही के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूजा समितियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए ताकि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था न हो। एसडीओ और एसडीपीओ ने बरही के प्रमुख पूजा पंडालों का दौरा किया, जिनमें धनबाद रोड सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, गया रोड दुर्गा पूजा समिति, पटना रोड दुर्गा पूजा समिति, अफीम कोठी दुर्गा पूजा समिति, करियातपुर, बरसोत और चतरो के पूजा पंडाल शामिल हैं। इन पंडालों में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की संभावना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए हैं। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पूजा के दौरान सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल मिले और किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। इसके साथ ही उन्होंने सभी पूजा समितियों को निर्देशित किया कि वे पूजा पंडालों के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखें, और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। नवपदस्थापित एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने पूजा आयोजकों को भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष उपाय अपनाने की सलाह दी और यह सुनिश्चित करने को कहा कि पंडालों के आसपास यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि पूजा शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो और इसके लिए सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। उन्होंने पूजा समितियों से आग्रह किया कि वे अग्निशमन और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं के लिए जरूरी इंतजाम रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। इसके अलावा, सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया, जिससे सुरक्षा में और इजाफा हो सके। बरही इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने बताया कि पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की जा रही है और पूजा के दौरान विशेष गश्त की जाएगी। साथ ही, ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पूजा पंडालों तक पहुंच सकें और उनके आने-जाने में कोई बाधा न हो। अधिकारियों ने पूजा समितियों और आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पूजा के दौरान प्रशासन के दिशा-निदेशों का पालन करें और कोई भी समस्या होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### अश्विनी दुर्गा पूजा समिति ने निकाली कलश यात्रा, पूर्व विधायक ने किया पंडाल का उद्घाटन

**बड़कागांव** : बड़कागांव के दैनिक बाजार स्थित अश्विनी दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, थाना प्रभारी कुंदनकांत विमल, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंसस रितेश ठाकुर, समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार, समाजसेवी कुलेश्वर साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। इसकी शुरूआत दुर्गा मंदिर से की गई, जो कोरियाडीह, गोविंद डीह, गौरव बाजार, लोहार टोला, बरिया मोहल्ला, अंबेडकर मोहल्ला, बरगद मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, रेंज ऑफिस, बड़कागांव थाना होते हुए छवनिया नदी पहुंचा। जल उठाव कर पुनः वापस मंदिर पहुंचे। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी, अश्विनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष हरिलाल महतो, किशोर कुमार, मेहता, उप सचिव सरोज कुमार, उपकोषाध्यक्ष सनी कुमार, मनोरंजन मंत्री जितेंद्र कुमार, उप मनोरंजन मंत्री राकेश रंजन, बबलू कुमार, संगठन मंत्री अश्वनी कुमार, उप संगठन मंत्री वीपेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, प्रो कृतिनाथ महतो, जयनाथ महतो, पुजारी पिंटू कुमार, पूजा प्रभारी जयराज महतो, मीडिया प्रभारी संजय सागर, रितेश ठाकुर, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, सरोज कुमार, ज्ञानी कुमार महतो, सुरेन्द्र महतो, राम लखन महतो, मनीष कुमार, विजय महतो, लखन विश्वकर्मा, विशेश्वर महतो, समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष समेत कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**चौपारण**: विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के कई कार्यकताओं ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, मुखिया जानकी यादव समेत लगभग कई लोगो ने कांग्रेस छोडकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सदस्यता ग्रहण करने से पहले जीटी रोड पर ढोल नगाड़े के साथ रोड शो किया। भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक मनोज यादव, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, संगठन मंत्री बिजय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा व राजेन्द्र चंद्रवंशी आदि ने पार्टी का पट्टा व फुलमाला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में स्वागत समारोह के बाद डोमाडाडी में विकास यादव के आवास के समीप बडी सभा का आयोजन हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हर सुख दुःख का साथी रहुंगा। क्षेत्र में चालीस साल से जनसेवा कर रहा हूं। जीत में या हार में सदा क्षेत्र की जनता की सेवा की।

### दुर्गा पूजा को लेकर फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बरही में खाद्य स्टालों का किया निरीक्षण

**बरही** : आगामी दुर्गा पूजा त्योहार को ध्यान में रखते हुए फूड सेफ्टी ऑफिसर चंद्र प्रकाश गुग्गी ने बरही चौक और उसके आसपास के क्षेत्रों में लगे विभिन्न खाद्य स्टालों का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना था, ताकि आम जनता को स्वच्छ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान, चंद्र प्रकाश गुग्गी ने सभी खाद्य विक्रेताओं को साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक स्टाल को साफ-सुथरा रखना अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की गंदगी या अस्वच्छता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि वे ग्राहकों को सुरक्षित और स्वस्थ्य भोजन देने का काम करें। उन्होंने सभी विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले खाद्य सामग्री के उत्पादों को स्पष्ट और सही तरीके से लेबल करें ताकि ग्राहकों को उनके इस्तेमाल में किसी भी प्रकार की गलतफहमी न हो। स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी स्टालों पर ढक्कन वाले कूड़ेदान का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है, जिससे आसपास का वातावरण स्वच्छ और स्वास्थ्यकर बना रहे। तैयारी और परोसने के दौरान एप्रन, कैप और मास्क का उपयोगः खाद्य तैयार करने और परोसने वाले सभी कर्मचारियों को एप्रन, कैप और मास्क का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे खाद्य की स्वच्छता और संक्रमण से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।निरीक्षण के बाद चंद्र प्रकाश गुग्गी ने पत्रकारों को बताया कि त्योहारों के दौरान लोगों की भीड़ बढ़ जाती है और ऐसे में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना जरूरी होता है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि बरही के लोग त्योहार का आनंद उठाएं, लेकिन साथ ही वे सुरक्षित और स्वच्छ भोजन भी प्राप्त करें। स्थानीय प्रशासन ने भी विक्रेताओं से अपील की है कि वे दिए गए निदेशों का पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बरही के निवासियों ने इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इससे न केवल त्योहार का माहौल सुरक्षित बनेगा, बल्कि सभी को स्वच्छ और स्वस्थ्य भोजन भी उपलब्ध होगा। मौके पर विकास कुमार समेत पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे।

### अनुप्रिया साव संग गरबा नाईट में झूमा हजारीबाग

**हजारीबाग** : अनुप्रिया फाउंडेशन के सौजन्य से मटवारी गांधी मैदान में 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाली तीन दिवसीय भव्य नवरात्रि महोत्सव एवं गरबा नाइट का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन ने हजारीबाग शहर को एक नई रौनक और रंगत दी, हजारीबाग शहर वासियों के उमंग व उत्साह से सजा यह उत्सव का माहौल संकेत दे रहा था कि हजार बागों के शहर हजारीबाग के बगीचे में खुशियों का माहौल बना चुका है। अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया साव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुप्रिया फाउंडेशन ऐसे लोगों के लिए ही विभिन्न आकर्षक आयोजन करती है और करती रहेगी ताकि त्योहारों का आनंद हर आयु और आय वर्ग के लोग ले पाएं। आज मुझे लोग हजारीबाग की बेटी और हजारीबाग की दीदी मान रहे हैं तो मेरा भी यह फर्ज बनता है कि मैं अपने हजारीबाग परिवार के हर सुख दुख में साथ रहूं। बताते चलें कि गरबा नाइट कि धूम और चमक धमक का आनंद बीस हजार से भी अधिक लोगों ने उठाया। लोगों का मानना था कि अनुप्रिया फाउंडेशन ने ऐसे आयोजन को निःशुल्क कर हजारीबाग को नवरात्र का तोहफा दिया है।

## एक नजर

### घर में घुसकर नाबालिग से मारपीट करने के आरोपी को एक साल की सजा

**रांची :** पोक्सो विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को दुष्कर्म का प्रयास करने से जुड़े मामले में आरोपित अमित तिर्की को एक साल की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपित को सुनवाई के दौरान सिर्फ घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में दोषी पाया है। आरोपित नगड़ी के नयासराई काना टोली निवासी है। घटना को लेकर डोरंडा थाना में 11 नवंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 14 नवंबर 2022 को आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि पीड़िता घर में अकेली थी। उसी समय घर में घुस कर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की जा रही थी। पीड़िता ने सेफ्टी पिन आरोपित को चुभा दी। इससे वह चिल्लाते हुए भाग गया था। लेकिन घटना के दौरान पीड़िता पूर्व के आरोप से पलट गई। सिर्फ मारपीट को सही बताया। मामले में पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### आयुक्त और डीआईजी ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**रांची :** दक्षिणी छोटा नागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा और डीआईजी अनूप बिरथरे ने मंगलवार को रांची में कई दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात और पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। आयुक्त और डीआईजी ने विसर्जन से पहले बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट पर ही निकालने का निर्देश दिया है। साथ ही पंडालों में सीसीटीवी लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने और पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### हरियाणा की जनता ने देश के प्रधानमंत्री पर जताया भरोसा : संजय सेठ

**रांची :** हरियाणा में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बधाई दी है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा की जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया। यह जीत उसी का परिणाम है।भाजपा के पक्ष में मतदान कर फिर से एक बार हरियाणा की जनता ने सेवा करने का मौका दिया है। हरियाणा का लगातार भाजपा के नेतृत्व में विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। कांग्रेस की हार यह साबित करती है कि कांग्रेस कितना भी गलत दुष्प्रचार कर ले देश की जनता उनके चाल चरित्र को पहचान गई है। आशा है भाजपा के नेतृत्व में हरियाणा फिर एक बार विकास की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने हरियाणा की जनता को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# स्वीप के जरिए आम मतदाताओं की जागरूकता के लिए करें सार्थक प्रयास : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य है । कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र के क्षेत्रों में केंद्रित होकर मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य करें। वे आज निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं स्वीप के नोडल पदाधिकारियों के साथ स्वीप सम्बन्धित रणनीति बनाने हेतु समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं स्वीप के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्य योजना एवं कैलेंडर तैयार करते हुए प्रत्येक दिन के कार्यक्रमों को अविलंब उपलब्ध कराएं । उन्होंने कहा कि पदाधिकारी प्रत्येक दिन के स्वीप की एक्टिविटी को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म में टैगिंग करना है इसके साथ ही प्रत्येक दिन के अंत में पूरे कार्यक्रमों का प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना है। कुमार ने कहा कि संबंधित पदाधिकारी स्वीप के कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न करें । स्वीप गतिविधियों से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशानिदेशों का अनुपालन हरेक स्तर पर सुनिश्चित कराएं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी जिलों में स्थानीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए नगर विकास विभाग एवं नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक घरों तक अपनी पहुंच बनाते हुए उन्हें जागरूक करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को त्योहार की तरह आयोजित किया जाना है एवं फैमिली वोटिंग को बढ़ावा देने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए करना है। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाता के वोटिंग प्रक्रिया में तेजी लाकर लम्बी कतार कम कर एवं मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराते हुए शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के बीच इसका वृहत प्रचार करें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं जिलों में गठित स्वीप सेल के पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेनिंग दी।

# वादा खिलाफी के लिए सबसे पहले हेमंत सोरेन पर हो एफआईआर : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 'गोगो दीदी योजना' को लेकर राज्यभर में जबरदस्त उत्साह है। उत्साह की वजह भी है। भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोगों को विश्वास और भरोसा है। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो भी घोषणा और वायदा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। इसलिए लोगों को भरोसा है कि उन्होंने वायदा किया है, घोषणा की है तो निश्चित रूप से सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में यह सब निर्णय हो जाएगा। मरांडी मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रोड के समीप स्थित खोखमा टोली में गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने फॉर्म भरा है, उसे कंप्यूटर में लोड किया जाता है। उसका दस्तावेज तैयार हो रहा है। राज्य में भाजपा सरकार बनते ही हर महीने की 11 तारीख को ?2100 उनके बैंक खाते में चला जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जांच करनी है तो करें। कार्रवाई करना हो तो करें। मैंने आकर खुद मां-बहनों का फॉर्म भरा है। भाजपा और मोदी की सरकार देश में महिलाओं का सशक्तिकरण चाहती है। आज पहली दफा कोई कार्यक्रम नहीं चल रहा है। पहले से ही अनेक योजनाएं चल रही है, जो मां-बहनों को समर्पित है। मरांडी ने कहा कि देश की संसद और विधानसभा में कानून बनाकर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों को रिजर्व किया गया है। इसके साथ लखपति दीदी बनाया जा रहा है। रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़े, उसके लिए भी प्रयास हो रहे हैं। महिलाओं के लिए शौचालय दिया गया है। तीन तलाक को कानून बनाकर खत्म किया गया है। मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़कर 26 सप्ताह कर दिया गया है। महिलाओं के लिए जनधन खाता खोला गया।

# पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत छह आईपीएस की हुई पोस्टिंग, एक का तबादला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत छह आईपीएस को पोस्टिंग दी है। जबकि एक आईपीएस का तबादला किया है। इस संबंध में मंगलवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार हजारीबाग के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित कुमार शिवाशीष को जमशेदपुर का सिटी एसपी बनाया गया है। इसीप्रकार पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत पारस राणा को चाईबासा का एएसपी अभियान, प्रतीक्षारत राकेश सिंह को पलामू का एएसपी अभियान, प्रतीक्षारत ऋतिक श्रीवास्तव को चतरा का एएसपी अभियान, प्रतीक्षारत एस मो. याकूब को हुसैनाबाद का एसडीपीओ, प्रतीक्षारत ललित मीणा को गुमला के चैनपुर का एसडीपीओ और प्रतीक्षारत अमित आनंद को हजारीबाग का एडीपीओ बनाया गया है। साथ ही जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य की पोस्टिंग हो गई है और उनका कहीं पोस्टिंग नहीं हुआ है। वह पुलिस मुख्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिले केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने राजभवन में मंगलवार को मुलाकात की। यह शिष्टाचार मुलाकात बताई गई है।

### सीएम से मिला आयुष मेडिकल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मंगलवार झारखंड आयुष मेडिकल एसोसिएशन और आयुष एसोसिएशन ऑफ झारखंड के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान हेतु पहल करने का आग्रह किया। राज्य आयुष परामर्श दात्री समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री से भेंट करने प्रतिनिधि मंडल में डॉ आनंद शाही डॉ देवेंद्र नाथ तिवारी, डॉ गौतम कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार राय, डॉ मोना सिंह, डॉ नेहा, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ नितिन कुमार, डॉ विजय तिवारी और आयुष एसोसिएशन आफ झारखंड के सचिव डॉ मुकेश चंद्र शामिल थे।

### लोजपा ने जयप्रकाश नारायण और रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**रांची :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में दूसरी आजादी उनके कारण ही मिली थी। उन्होंने कहा कि तानाशाह इंदिरा सरकार को उखाड़ फेंकने और इमरजेंसी के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने जो अभियान चलाया था उसी का नतीजा है कि आज देश में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। प्रधान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव गरीब, दलित, अल्पसंख्यक पिछड़ों और ऊंची जाति के गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम किया था और आज भी उनके कामों को लोग याद करते हैं। उन्होंने कहा कि पासवान न केवल वंचितों के आवाज थे बल्कि देश में मंडल कमीशन लागू कराने में भी उनकी अहम भूमिका रही थी। पार्टी कार्यालय में दोनों नेताओं के चित्रपर माल्यार्पण करने वालों में बीरेंद्र प्रधान के अलावा अभिषेक राय, लाल बहादुर राम, उमेश तिवारी , राजेश रंजन वर्मा ,राजकुमार पासवान और रतन पासवान सहित अन्य नेता शामिल थे।

### बन्ना गुप्ता पर सोशल मीडिया में वायरल एफआईआर की न्यायिक जांच हो : सरयू

**रांची :** विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के जरिये लगाए गए गंभीर आरोपों पर जवाब देते उनपर जमकर निशाना साधा है। राय ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता के संबंध में एक एफआईआर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मंत्री इसे फर्जी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की न्यायिक जांच कराई जाय। ऐसा इसलिए कि इस मामले में पुलिस भी एक पक्षकार बन गई है। राय मंगलवार को रांची के डोरंडा स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। राय ने कहा कि रांची एसपी (नगर) का कहना है कि इसका स्रोत जानने के लिए जांच की जा रही है। दूसरी ओर बन्ना के एक प्यादे ने जमशेदपुर में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। सोमवार की शाम प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। मंगलवार सुबह से ही पुलिस तीन संबंधित लोगों के दरवाजे पहुंच गई, जिन तीन लोगों पर जमशेदपुर के कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री उन्हें मेरा नजदीकी बताकर मुझे भी इसमें लपेटना चाह रहे हैं। सरयू ने कहा कि इसके पहले अप्रैल, 2023 में एक महिला के साथ अश्लील वार्ता करते हुए बन्ना गुप्ता का विडियो जारी हुआ था। इस पर उन्होंने खुद ही एफआईआर किया था, परंतु आज तक उसका कोई फलाफल नहीं निकला। इसी तरह यह एफआईआर फर्जी है या असली है, इसकी पुलिस जांच का भी कोई फलाफल नहीं निकलेगा और मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा। इसलिए इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए। राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता खुद को बैकवर्ड कहकर सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं। पिछले एक माह में इन्होंने जमशेदपुर में करीब 100 गरीब फुटपाथ दुकानदारों का आशियाना तुड़वाया है। इनमें से प्रायः सभी पिछड़ा वर्ग से हैं। इसी तरह इन्होंने कोविड महामारी के दौरान आदित्यपुर, जमशेदपुर के एक प्रमुख अस्पताल को बन्द करा दिया। इसके मुख्य चिकित्सक डॉ. ओपी आनन्द को जेल में डाल दिया। सरयू के अनुसार डॉ. आनन्द के पक्ष में यह मामला उन्होंने ही उठाया था। डॉ. ओपी आनन्द भी बैकवर्ड हैं। यादव जाति से हैं। मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया और फैसला डॉ. ओपी आनन्द के पक्ष में आया। सरकार की किरकरी हुई। क्या बन्ना गुप्ता पिछड़े वर्ग के चिकित्सक का अस्पताल जबरन बंद कराने से हुए नुकसान की भरपाई करेंगे? उसी समय बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के कांतिलाल मेडिका अस्पताल को बंद करा दिया। चिकित्सक सहित करीब 350 अस्पताल कर्मी इससे प्रभावित हुए।

### दुर्गा पूजा पर कलरीपायट्टु मार्शल आर्ट में किया गया शक्ति प्रदर्शन

**रांची :** रांची के नामकुम स्थित जीडी गोयनका विद्यालय में दुर्गा पूजा के अवसर पर मंगलवार को स्पीक मैके के जरिये कलरीपायट्टु मार्शल आर्ट में शक्ति प्रदर्शन किया गया। स्पीक मैके का उद्देश्य भारतीय संस्कृतिक विरासत के विभिन्न पहलुओं के बारे में युवाओं में जागरुकता बढ़ाकर इसमें निहित मूल्यों को आत्मसात करना है। समस्त मार्शल आर्ट की जननी कलरीपायट्टु भारत की एक प्राचीन युद्ध कला है, जिसकी उत्पति 11वीं-12वीं शताब्दी के दौरान केरल में मानी जाती है। प्रदर्शनकताओं ने कलरीपायट्टु के प्रदर्शन में विभिन्न युद्ध कलाओं, मल्लक्रीडा तथा अनेकों एनिमल पोस्चर्स के द्वारा युद्ध कला दिखाया। समस्त प्रदर्शनकर्ता पूर्ण रूप से प्रशिक्षित अनुशासित एकाग्र और स्फूर्तीयुक्त थे। उनकी प्रदर्शनी देखकर सभी अभिभावक, छात्र प्रसन्नचित्र हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि इन कलाओं को सीखने से छात्रों के अंदर एकाग्रता बढ़ती है और अपने प्रतिद्वंदी के साथ कैसा व्यवहार करना है इसका भी ज्ञान होता है।

# मुख्यमंत्री से झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड राज्य पुलिस सेवा संवर्ग (पुलिस उपाधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक) के सेवा शर्तों एवं देय भत्ता आदि के न्यायोचित मांग के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार यथोचित विचार करेगी। इस अवसर पर झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव बुधराम उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मंत्री ने द्वितीय छमाही सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना का किया शुभारंभ

# सभी योग्य लाभुकों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है : बन्ना गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के नामकुम प्रखंड प्रांगण में द्वितीय छमाही सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ मंगलवार को खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। मौके पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी राशन कार्डधारी को धोती साड़ी लूंगी से आच्छादित किया जा रहा है, सभी योग्य लाभुकों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी की ओर से बताया गया कि रांची जिला अंतर्गत 416939 पात्र गृहस्थ परिवार (गुलाबी कार्ड), 101933 अंत्योदय परिवार (गुलाबी कार्ड) एवं 45623 ग्रीन कार्डधारी हैं। इसमें नामकुम प्रखंड में 22985 पात्र गृहस्थ परिवार (गुलाबी कार्ड), 3698 अंत्योदय परिवार (पीला कार्ड), 1875 ग्रीन कार्ड धारी हैं। सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत जन वितरण प्रणाली दुकानदार के जरिये लाभुक से प्रति वस्त्र 10 रुपया प्राप्त किया जाता है। इसमें जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को देय कमीशन एक रूपया प्रति वस्त्र एवं वस्त्रों के प्रखंड मुख्यालय से वितरण स्थल तक परिवहन जे लिए प्रति वस्त्र दो रुपए की दर से कुल तीन रुपया प्रति वस्त्र संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने पास रखते हुए शेष राशि सात रुपए प्रति वस्त्र, वितरण के 15 दिन के अंदर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से सरकारी कोष में जमा करना होता है। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, पंचायत समिति सदस्य, सुषमा हेंब्रम, टाटीसिल्वे की मुखिया नूतन पाहन, विधायक प्रतिनिधि माधव कच्छप, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ सिन्हा, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, समीउल्लाह खान, विनोद साहू, शरीफ अंसारी जन वितरण प्रणाली दुकानदार तथा नामकुम प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

# समर्थ युवा ही सशक्त भारत का कर सकते हैं निर्माण : अर्जुन राम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केन्द्रीय कानून एवं न्याय मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि समर्थ युवा ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। युवाओं की ऊर्जा, सृजनशीलता और नवाचार की क्षमता ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बना सकती है। मेघवाल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत एम्बेसडर-युवा कनेक्ट कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हीं की शक्ति और संकल्प से भारत 21वीं सदी में वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। मेघवाल ने इस अवसर पर देश को 21वीं सदी में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और युवा शक्ति के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना अब मात्र एक विचार नहीं रह गया है, बल्कि यह अब एक ठोस रूप ले रहा है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और युवा शक्ति के सामूहिक प्रयासों के कारण भारत तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करने के लिए प्रयासरत हैं, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिलें और विकास की धारा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। अपने संबोधन में मेघवाल ने स्वामी विवेकानंद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदानों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत को एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया और युवाओं को उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का संदेश दिया। उनका जीवन आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए मेघवाल ने कहा कि उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उनके विचार और उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी हमें देश की एकता, सामाजिक समानता और आर्थिक विकास की दिशा में प्रेरित करते हैं। केन्द्रीय मन्त्री ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधरोपण भी किया।युवा एवं खेल मन्त्रालय के निदेशक (कार्यक्रम) रुचित्र नारायण त्यागी ने माई भारत पहल पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को देश की विकास यात्रा में भागीदारी का सुअवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि माई भारत के अंतर्गत कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे युवा न केवल अपने कौशल का विकास कर रहे हैं, बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। त्यागी ने युवाओं को देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा, आपके पास देश को आगे ले जाने का अद्वितीय अवसर है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत अगले कुछ दशकों में एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरे। स्वागत भाषण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने दिया। उन्होंने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जगदम्बा प्रसाद ने किया।

## एक नजर

### नवरात्र पर डॉ राजेंद्र प्रसाद स्कूल में दुर्गा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो :** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर मंगलवार को डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल रानी पोखर सेक्टर 9 में दुर्गा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की छात्राओं ने नौ रूपों की देवी के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने डांडिया व गरबा नृत्य कर सबका मन मोह लिया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर मां दुर्गा के 9 स्वरूप को छात्राओं ने प्रस्तुत कर मंत्र मुग्ध कर दिया। दुर्गा पूजा पर मां दुर्गा के पूजा का विशेष महत्व है । इस अवसर पर रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में भी दुर्गा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की छात्रों ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। मौके पर स्कूल की शिक्षिका सरिता सिन्हा, बिंदु सिंह , गीता कुमारी, अनु सिंह ,राखी कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रीति झा, साक्षी कुमारी, स्निग्धा बोस, वीणा कुमारी, ज्योति कुमारी, संगीता कुमारी, खुशबु कुमारी,गीता कुमारी, पार्वती कुमारी शामिल रहे ।

### सफाई मित्रों के लिए टी -शर्ट वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बोकारो :** मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट के सी ई डी विभाग में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद , मुख्य महा प्रबंधक शालिग्राम सिंह के साथ वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में मुख्य महा प्रबंधक शालिग्राम सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई मित्रों के लिए आयोजित हेल्थ चेक-अप कैंप में 170 सफाई मित्रों का हेल्थ चेक-अप किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य महा प्रबंधक के कॉन्फ्रेंस रूम में भी सफाई मित्रो के सम्मान में टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### सेक्टर 8 ए में दिखेगा अयोध्या का राम मंदिर

**बोकारो :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 8 ए भागलपुर मोर शिवालय मैदान के द्वारा हर साल की भाती इस बार भी दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। जहां इस बार अयोध्या के राम मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इस बार आकर्षण का केंद्र लाइट शो होने वाला है और झूले के साथ मेले की भी व्यवस्था की गई है। बकरीबन 25 लख रुपए की लागत से इस पंडाल को तैयार किया जा रहा है। इस बार के पूजा कमेटी के अध्यक्ष समीर शेट्टी, सचिव शिव कुमार गुप्ता एवं मेला प्रभारी प्रसनजीत सिंह उपस्थित थे।

# दुर्गा मंदिर में हजारों की संख्या में पूजा करने आते हैं लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बेरमो :** प्रखंड के कोयलांचल क्षेत्र में स्थित जरीडीह बाजार के व्यापारिक मंडी में करीब सैकड़ों वर्षों से माता दुर्गा की पूजा बड़े ही धूम धाम से आयोजित होते आ रही है। यहां के व्यापारियों एवं समाज सेवियों के सहयोग से इस पूजा का आयोजन हर्षो उल्लास से किया जाता है, इस पूजा में ना सिर्फ जरीडीह के दोनों पंचायत के ग्रामीण बल्कि आस पास के क्षेत्रों एवं दूर दराज के माताएं, बहने, भाइयों, बच्चों, बूढ़े और बुजुर्ग भी सम्मलित होते है। पूर्व में यह सिर्फ एक मंडप था, धीरे धीरे इसका विस्तारीकरण कर एक मंदिर का रूप दिया गया जिसमे प्रत्येक वर्ष नवरात्र में दुर्गा माता की प्रतिमा की स्थापना विधिवत पूर्वक की जाती है। पिछले कई वर्षो से पश्चिम बंगाल के कारीगर आकार मूर्ति का निर्माण करते है एवं फूल माला और रूप श्रृंगार से सुसज्जित माता का ऐसा रूप देखने योग्य होता है। मूर्ति विसर्जन के दिन माता के



चेहरे की मुस्कान उदासी में तब्दील हो जाती है, भक्तों से जुदाई और बिछड़ने का गम ना सिर्फ माता को स्वयं बल्कि समस्त ग्रामीणों के चेहरे पर भी झलकती है। ऐसी मान्यता है कि जो भी सच्चे दिल से अपनी मुराद माता के दरबार में लेकर आता है उसकी झोली कभी भी खाली नही जाती, इसलिए हर साल यहां रोजाना यहां करीब हजारों के भीड़ दशालु के रूप में उमड़ती है। मंदिर प्रशासन की देख रेख करने वाली समिति में मुख्य रूप से अपना योगदान देते आ रहे श्री अनूप कुमार साव, जो कि वर्तमान में साहू तेली समाज के अध्यक्ष एवं दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष भी है, उन्होंने बतलाया कि इस वर्ष चतुर्थी तिथि दो दिन होने एवं नवमी दशमी का शुभ मुहूर्त एक ही दिन पड़ने के कारण भक्तों के मन में थोड़ी दुविधा हुई है परंतु माता की भक्ति, श्रृंगार , उत्साह, लगन आदि में कोई भी कमी नहीं है। प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी स्थानीय लोगों का काफी सहयोग मिल रहा है और रोजाना दिन में दो बार यह भजन कीर्तन एवं मंदिर परिसर में खीर एवं खिचड़ी का भोग वितरण आदि किया जाता है। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर गुप्त दान के साथ साथ सोने चांदी की भी भेट माता को अर्पण करते है। माता के नवदुर्गा का रूप देखने योग्य रहता है। मंदिर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं पुजारी शिव कुमार पांडेय समिति के अन्य सदस्यों के सहयोग से पूरे विधि विधान से यह पूजा सफल बनाते है। मंदिर के पुजारी ने बतलाया कि इस वर्ष आज दिन बुधवार को संध्या पांच बजे महाषष्ठी पूजन का शुभ मुहूर्त है जिसमें आज ग्रामवासी विल्बभरनी माता का निमंत्रण अधिवास एवं बेलवृक्ष पूजन दामोदर नाथ महादेव मंदिर के तट पर संपन्न किया जायेगा और कल सुबह पांच बजे महासप्तमी पूजा के कलश यात्रा में जिसमे हजारों की संख्या में महिलाएं और बच्चियां अपने माथे पर कलश रख कर पैदल महास्नान पत्रिका प्रवेश, प्राण प्रतिष्ठा एवं पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम किया जायेगा। शुक्रवार को महाअष्ठिमी पूजा सुबह चार बजे से आरंभ होगी, जिसमे संधि बलि पूजा, बलिदान पुष्पांजलि पूजा होगी एवं शनिवार को महानवमी एवं महादश्मी पूजा प्रातः छह बजे के पहले आरंभ होगी जिसमे अपराजिता पूजा, शम्मी और खड़ग पूजन के माता की महाआरती के उपरांत अगले दिन विधिवत विसर्जन किया जायेगा। इस पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से मंदिर के कोषाध्यक्ष अनूप कुमार साव, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय भगत, सचिव अश्विनी सोनी, मुख्य कार्यकारणी सदस्य दीपक कुमार गुप्ता, रजत साव, दिलीप साव एवं अन्य सदस्यों का काफी सहयोग रहता है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायतें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।
जनता दरबार में मुख्यतः अबुआ आवास, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, रोजगार, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, गलत तरीके से नमक फैक्ट्री संचालन की शिकायत, दिव्यांग द्वारा जीवन यापन हेतु रोजगार के लिए लोन हेतु आवेदन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा जबरन जमीन अधिग्रहण की शिकायत समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## अंश का भुगतान एक साथ प्रति माह की मांग को लेकर हड़ताल पर सेविका- सहायिकाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददात

**धनबाद :** राज्य व्यापी हड़ताल पर सेविका- सहायिकाएं चली गयीं हैं जो शनिवार को तीसरे दिन जिले भर से पहुंची हड़ताली सेविका- सहायिकाएं रणधीर वर्मा चौक पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका बाघमारा प्रखंड, निरसा प्रखंड, झरिया प्रखंड सहित सभी धनबाद जिले के प्रखंडों से रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरना में शामिल होकर धारणा को सफल बना रही हैं। सेविका-सहायिकाओं ने हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं विभाग की ओर से जारी सेवा शर्त नियमावली में संशोधन कर समय पर मानदेय एवं वार्षिक वृद्धि का लाभ देने, सहायक अध्यापक की तर्ज पर उनके लिए भी मानदेय का प्रावधान करने, मानदेय में केंद्र व राज्य के अंश का भुगतान एक



साथ प्रति माह नियमित समय पर करने की मांग की। सेविका लोली देवी ने बताई कि कैबिनेट की बैठक में किसी तरह का पहल नहीं किया जाने पर संघ के आह्वाहन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। साथ ही बताई कि हमारी मांगों में नियमावली में सुधार,मानदेय बढ़ोतरी, पूर्ण सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने व नियमिती करने, मोबाइल एवं पोषाहार की राशि बाजार दर के समान भुगतान करने आदि मांग शामिल है। मौके पर बाघमारा प्रखंड से लौली देवी, रीता देवी, कोशमी देवी, संतोषी दिव्या, अष्टमी देवी, भारती पांडे, फातिमा खातून, आरिका खातून, आशा राय, मामूनी मंडल, अंजना कुमारी केवट, रेणु सिंह, परमिला राय, रोशनी देवी, मीना देवी, भवानी देवी, गीत देवी ,ज्योति देवी दीपावली कुमारी ,कल्पना देवी, शबनम आर, संध्या देवी अंगूरा देवी सहीत सैकड़ो सेविका सहायिका मौजूद थी।

## सोल्लास में मना नवरात्र उत्सव, छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ रूपों से किया मोहित




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को डीपीएस बोकारो में उत्सवमय माहौल में विशेष आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को अपनी गौरवशाली पारंपरिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर से जोड़े रखने के उद्देश्य से नवरात्रि उत्सव के तहत विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबकी भरपूर सराहना पाई। विशेषकर, आकर्षक परिधानों में संवरीं छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री अवतारों की जीवंत झलक दिखाकर उन्होंने सबका मन मोह लिया। उनकी रूप-सज्जा, भाव-भंगिमा और संवाद-प्रेषण की सभी ने सराहना की। इसके पूर्व, मां दुर्गा की आरती से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस क्रम में पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। विद्यार्थियों ने नवरात्रि थीम पर भांति-भांति की कलाकृतियां भी तैयार कीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति-आराधना का उत्सव है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और आत्मशक्ति-जागरण का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों में अपनी परंपरा व संस्कृति से जुड़ाव आवश्यक बताया।

## बीसीसीएल ने 50 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर दिया नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** भारत कोकिंग को लिमिटेड के कम्युनिटी हॉल में मंगलवार को एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 50 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। उनहो ने कहा की जिनके परिवार वर्षों तक बीसीसीएल में अपनी सेवाएं दी, 49 वैसे लोग थे जिनको अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। एक महिला को नियोजन के जगह पैसा दिया जाएगा। सीएमडी समीरण दत्त ने कहा कि यह हमारे परिवार का ही एक हिस्सा है जिनका खालीपन को हम दूर तो नहीं कर सकते मगर मेरा प्रयास रहेगा, कि इनका हम हमेशा सहारा बने। पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, और इनका नाम 0.1 दिया गया। सीएमडी समीरान दत्त ने आगे कहा की ये सिर्फ एक नौकरी नहीं है बल के यह हमारा वचन है कि हम जीवन के हर मोड़ पर अपने कर्मचारियों और उनके



परिवार के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने डायरेक्ट पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया का काफी सराहना किया और कहा कि उन्होंने जो अभियान चालू किया है वह सराहनीय है, साथी जनरल मैनेजर पर्सनल विद्युत साहा, जीएम ई ई, एसपी राय और उनकी टीम को भी बधाई दी, वर्ष 2021 में 247 आश्रितो, वर्ष 2022 में 377 आश्रित, 2023 में 470, को नियुक्ति पत्र सोपा गया,इस वर्ष 266 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, 2021 से अब तक 1360 आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिया गया, इस वर्ष का आंकड़ा 1460 हो चुका है, इस तरह का कार्यक्रम अब निरंतर चलता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो पहुंचे कतरास, की पूजा अर्चना



**धनबाद :** मैं खाटू श्याम बाबा के शरण मे आकर पूरे झारखंड के वासियों की मंगलकामना के लिये पूजा अर्चना करने आया हुं। विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने कतरास के कपड़ा पट्टी के अजय शर्मा के घर मे पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा के मंदिर में मेरी आस्था है,मैं पूजा करने के लिये आया हु,ये मेरी व्यक्तिगत कार्यक्रम है। विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने कहा कि पण्डित अजय शर्मा के घर मे स्थित खाटू श्याम बाबा के प्रति मेरी आस्था है,मैं खाटू श्याम बाबा के शरण मे आये है,मैं पूरे झारखंड वासियों के खुशहाली के लिये कामना करता हु, मौके पर अजय शर्मा, टीटू, सुरेश केडिया,राजेश केडिया, महेश पटवारी, बजरंग अग्रवाल,सुनील अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल,प्रदीप सोनी,विकास चौधरी, सोनू चौधरी, चुनचुन गुप्ता,विष्णु चौधरी,प्रमोद अग्रवाल,प्रकाश सिंघानिया,गोपाल चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कतरास हटिया में सांसद प्रतिनिधि शरद महतो ने समरसेबुल पंप का किया उद्घाटन



**धनबाद :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कतरास हटिया स्थित समरसेबुल पंप का उद्घाटन धनबाद सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद महतो ने नारियल फोड़ कर किया। कतरास हटिया स्थित समरसेबुल पंप बीते 25 दिन पूर्व जल गया था। जिससे 20 हजार की आबादी प्रभावित था। क्षेत्र में पेयजल का हाहाकार था। समरसेबुल पंप बनने से कतरास एवं आसपास के लोगों को काफी राहत मिलेगा। शत्रुघ्न महतो ने कहा कि जनता की समस्या मेरा समस्या मानता हूं, मौके पर राजेश स्वर्णकर, राजकुमार प्रमाणिक, अमर सेन, विवेक हजारी, श्रीकांत चटर्जी, कंचन चौरसिया, कमल महतो, गंगासागर जयसवाल, नितेश सिंह, बबलू मिश्रा, पिंटू सिंह, पिंटू मोदक, दीपक चक्रवर्ती, अजय दा, छोटू साव विमल रजवार आदि उपस्थित थे।

### सीआईएसएफ ने की छापेमारी, 50 टन अवैध कोयला किया जब्त



**धनबाद :** कुसुंडा क्षेत्र में सीआईएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को कुसुंडा क्षेत्र में छापेमारी कर कुसुंडा दस नंबर बस्ती के समीप से चोरी का करीब 50 टन कोयला जब्त किया है। तस्करों ने गोंदूडीह हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के ट्रांसपोर्टिंग रूट पर चलने वाले ट्रकों से कोयला उतारकर कुसुंडा दस नंबर बस्ती के निकट जमा किया था। जब्त कोयले की कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है। जब्त कोयला को दो हाईवा पर लोड कर बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है कि बीसीसीएल एरिया छः के कुसुंडा क्षेत्र अंतर्गत सीआईएसएफ की टीम ने पिछले छः दिनों के अंदर अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर करीब 400 टन अवैध कोयला जब्त कर चुकी है। छापेमारी टीम में सीआईएसएफ इंस्पेक्टर कृष्ण मिंज,सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम के जवान शामिल थे।

### बड्स गार्डेन स्कूल में रही डांडिया की धूम



**धनबाद :** नवरात्रि के शुभ अवसर पर राजगंज के दलूडीह स्थित बड्स गार्डेन स्कूल में कक्षा नवम के छात्राओं के द्वारा शानदार डांडिया नृत्य की प्रस्तुति की गई। साथ ही स्कूल के शिक्षिकाओं के द्वारा मां दुर्गा की स्तुति में आरती कार्यक्रम संपन्न किए गए। इस डांडिया कार्यक्रम में कक्षा नवम की सुहाना, नंदिनी, श्वेता, रिया, आयुषी, रिया, शिक्षादीप, मानवी, मुनमुन, पीहू आस्था और राखी भाग ली थी। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया एवं अध्यक्ष अमर पाल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, अभिभावकों और बच्चों को बधाई संदेश भेजें।

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ और मिठाइयां खिलाकर मनाई खुशियां



**धनबाद :** हरियाणा में भाजपा की जीत की खुशी में धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर मंगलवार को भाजपा धनबाद जिला के कार्यकताओं द्वारा पटाखे फोड़ कर और मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई गई। मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण राय, रमेश रही, पंकज सिन्हा, नरेंद्र त्रिवेदी, रामा सिन्हा, राणा सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

## हरियाणा की जीत मोदी, योगी की जोड़ी की जीत है : शशि सम्राट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जय बजरंग सेवा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा नेता शशि सम्राट ने कहा हरियाणा की प्रचंड जीत के लिए हरियाणा की जनता और मोदी योगी की रणनीति की जीत है। शशि सम्राट ने कहा राहुल गांधी अपने जलेबी को कांग्रेस के फैक्ट्री में बनाएं और कांग्रेसी के नेता को खिलाएं। राहुल गांधी के जलेबी को हरियाणा की जनता ने सिरे से नाकर दिया। शशि सम्राट ने कहा कि हिंदुओं को बताने के कारण कांग्रेस को लाभ मिलता है आज हरियाणा में हिंदू एकजुट होकर होकर भाजपा को वोट किया। और प्रचंड बहुमत से जीत हासिल हुआ । और यही हिंदूऔ का एक जुटता झारखंड और महाराष्ट्र में दिखा गा। और भाजपा की सरकार बनेगी।

## भारतीय रेल ने 150 से अधिक स्टेशनों पर नवरात्र स्पेशल थाली की लॉच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** त्योहारों के सीजन का उल्लास अब भारतीय रेल के स्टेशनों पर भी देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के पावन त्योहार के दौरान जब यात्री अपनी मंजिलों की ओर रवाना हो रहे हैं, तो उनकी सुख-सुविधा का विशेष ध्यान रखने हेतु भारतीय रेल ने 150 से अधिक स्टेशनों पर नवारत्रि व्रत स्पेशल की थाली लॉच की है। नवरात्रि के दौरान यात्रा करने वाले पैसेंजर्स अब अपने खाने-पीने की चिंता से मुक्त होकर सफर में स्वादिष्ट व्रत थाली का लुफ्त उठा सकेंगे। मुंबई सेंट्रल, दिल्ली जंक्शन, सूरत, जयपुर, लखनऊ,




पटना जंक्शन, लुधियाना, दुर्ग, चेन्नई सेन्ट्रल, सिकंदराबाद, अमरावती, हैदराबाद, तिरूपति, जालंधर सिटी, उदयपुर सिटी, बेंगलूरू कैंट, नई दिल्ली, ठाणे, पुणे एवं मैंगलोर सेन्ट्रल स्टेशन आदि जैसे लगभग 150 से अधिक स्टेशन पर नवरात्रि स्पेशल थाली की सुविधा उपलब्ध है। यात्री ऑनलाईन व मोबाई ऐप के जरिए भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह स्पेशल व्रत की थाली खास तौर पर नवरात्रि के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसमें गुणवत्ता और पोषकता का विशेष ख्याल रखा गया है, भारतीय रेल द्वारा नवरात्रि स्पेशल व्रत की थाली को मंगाने की प्रक्रिया को बेहद ही सरल बनाया गया है, जिसमें यात्री आईआरसीटीसी की ऐप पर जाकर, केवल अपना पीएनआर नंबर डालकर थाली को बुक कर सकते हैं, या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की ी-ूझी१ल्लॅ साइट पर जाकर भी इसे बुक कर सकते है, और कुछ ही समय के अंतराल में एकदम ताजा और शुद्ध व्रत का भोजन आपके पास उपल्बध हो जाएगा।

# आजसू के विस स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में उमड़ी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** तुरुप रूदिया में खिजारी विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी का ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत थे सम्मेलन में खिजरी विधानसभा के सभी पंचायतों के ग्राम प्रभारी सामिल हुए। **कार्यक्रम को संबोधित करते हुए** सुदेश महतो ने कहा झारखंड में लूट और झूट पर टिकी सरकार को उखाड़ फेंकना है क्योंकि भ्रटाचार ब्लॉक स्तर में चरम सीमा पर पहुंच गई है वहीं केंद्रीय प्रवता डॉ देवशरण भगत ने कहा आजसू पार्टी आन्दोलन की उपज है लड़ के लिए हैं झारखंड और हमलोग ही सवारेंगे संचालन प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने किया। मौके पर केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय प्रवता सुधीर यादव,जिला अध्यक्ष संजय महतो, गोवर्धन महतो, महेन्द्र स्वासंसी योगेंद्र महतो, जगदीश महतो,आदि हजारों ग्राम प्रभारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी संघ ने अपनी मांगो को लेकर सीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

**अनगड़ा :** आंगनबाड़ी संग ने अंचल सह प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया धरना प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप आंगनबाड़ी संग के रांची जिला अध्यक्ष सुंदरी तिर्की शामिल हुए आंगनबाड़ी संग ने अपनी मांगो को लेकर धरना पर बैठे कार्यक्रम में सुंदरी तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए कही की हम लोगो की लड़ाई वर्षो से सरकार से चल रही है कि हमलोगो का मानदेय बढ़ोतरी मानदेय ,पोषहार राशि नियमित करना , और सेवानिवृत के बाद सेविका को दस लाख और सहिका को पांच लाख राशि दिया जाय इन मुद्दों को लेकर सी डी पी ओ को मांग पत्र सौंपा गया मौके पर इशरत जन्हा रेणु सिंह रेणुका सिंह सरोज तिर्की शशि प्रभा अंबिका देवी अंजलि देवी एवम सभी पंचायतों के सेविका साहिका शामिल थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव की धूम

**अनगड़ा :** नामकोम महिलोग सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में दुर्गा पूजा का पावन उत्सव बड़े उल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन हुआ, जिसकी शुरूआत भक्ति से भरे प्रार्थना गीत से हुई। इसके बाद दुर्गा पूजा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया, जिसमें इसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों द्वारा ह्यदुर्गा स्तोत्र का गायन किया गया, जो देवी शक्ति को समर्पित था। इस कार्यक्रम की विशेषता थी माँ दुर्गा के नौ रूपों की सुंदर झांकी। इसके बाद शानदार डांडिया नृत्य हुआ। पूरा दिन हर्ष और उमंग के साथ बीता। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के उत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखते हुए हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने में मदद करते हैं।

## जगन लिंडा के प्रयास से लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत राजा उल्लातु गांव हेसला बेड़ा खिजरी नामकुम रांची झारखंड में बिगत दो। महीनों से बिजली का 3 ट्रांसफार्म खराब था ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी समाज सेवी सह कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जगन लिंडा को दी गई त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बिजली का ट्रांसफार्मर 25 के वी ए का लगाया गया जिसमें 2 ट्रांसफार्म अभी खराब है हेसला बेड़ा गांव के लोग अधकार में जीवन व्यतीत कर रहे थे और जानकारी के अभाव से लोग परेशान रहते है जगन लिंडा के अथक प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया जिसका कार्य किया जगन लिंडा के द्वारा फीता कटकर ट्रांसफार्म उद्घाटन किया गया ग्रामीणों में खुशी देखने को मिला और आभार प्रकट किया मौके पर गुरुसाय मुंडा,अनिल अहीर,जगरनाथ मुंडा ,सुना मुंडा ,पूजा मुंडा ,सुखराम मुंडा, सोमा मुंडाअ, सुनील अहीर,चमरा मुंडा,बुधवा मुंडा, बिशु अहीर,हिंदू मुंडा, बंधन मुंडा, सोमा मुंडा ( बिरसा टोप्पो, पतरश टोप्पो, मंगल लिंडा,मानसिद जिलूर , रमेश मुंडा, मुकुंद लकड़ा,सुरेश कच्छप , बसराय लिंडा ,लालदेव टोप्पो,प्रदीप कुमार ,प्रेम तिर्की आदि लोग उपस्थित थे।

## हरियाणा विधानसभा की जीत पर बस स्टैंड में जम कर हुई आतिशबाजी

**चैनपुर :** भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक की अध्यक्षता में हरियाणा विधानसभा में हुई अप्रत्याशित जीत पर चैनपुर बस स्टैंड में जम कर आतिशबाजी करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए एवं मौजूद लोगों के साथ साथ आने जाने वाले लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर अपनी खुशियों का इजहार किया। वहीं मौके पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप शाहदेव ने कहा कि आज का दिन भाजपा परिवार के लिए महत्वपूर्ण है हरियाणा में कांग्रेस कहती थी कि किसी भी कीमत में भाजपा सरकार नहीं बना सकती हमे प्रचंड जीत हासिल होगी, परंतु इस मिथक को तोड़ते हुए भाजपा आज तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। आगे उन्होंने बतलाया कि हरियाणा में सुशासन और विकाश की जीत है आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह और भी विकसित करेगी। मौके पर मुख्य रूप से नीरज शर्मा अमित पाण्डेय शशि भूषण सिंह अरविन्द मौर्य दीपक रजक संतोष केशरी संतोष रोतीया मुकेश कुमार शिवम केशरी,दिनेश प्रसाद शिवा नायक जगेश्वर कुमार रुक्मणि देवी इला देवी उर्मिला देवी ममता देवी सावित्री देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने किया जल मीनार का उद्धघाटन

**अनगड़ा :** 15वें वित निधि अंतर्गत जिला परिषद से निर्मित जल मीनार का उद्धघाटन पश्चिमी जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने किया उन्होंने कहा जल है तो कल है प्राथमिकता के आधार पर पहले पानी। उद्धघाटन कार्यकर्म मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मिडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, तुलेश्वर पाहन, जलेश महतो, संजय महतो, सुरेश महतो, राजेंद्र महतो, कृष्णा मुंडा, सुबोधनी देवी, सोहगी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## बुद्धा पब्लिक स्कूल में डांडिया नृत्य का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली टुटकी में मंगलवार के दिन स्कूल प्रांगण में बच्चों के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। सभी बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर डांडिया छड़ी के साथ विद्यालय पहुंचे और मां भवानी के भक्ति गीतों पर बहुत ही खूबसूरत और मनमोहक डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। डांडिया नृत्य देखकर पूरे विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक अभिभूत होते हुए बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की। विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बच्चों को बताया कि यह नृत्य नवरात्रि के समय किया जाता है एवं नृत्य की छड़ी देवी दुर्गा की तलवार का प्रतिनिधित्व करती है। यह नृत्य देवी दुर्गा के सम्मान में प्रदर्शन किया गया है। वही प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि यह नृत्य गुजरात का एक पारंपरिक नृत्य है और देवी दुर्गा के उत्सव का भी प्रतीक है। इस मौके पर राहुल भद्रा,नकुल बड़ाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, हर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, प्रेमचंद, विपुल रॉय, सुजाता, शालिनी, जितेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 337058 Building (24-25)D है को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 338419 Building (24-25)_D भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/19/02//2024-25 (2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-DSPL/SD/HZB/19/02/2024-25 (2nd call) | बड़कागांव | ग्राम सांढ टोला छपेरना में हीरल महतो के घर से बिगल महतो के खेत होते हुए पुराने पथ तक पथ निर्माण। | 11506300.00 | 230200.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 25.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 338464 (Rural Development) 24-25 (D)

**कार्यालय : उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़**
**Email : dsramgarhjh@gmail.in**

विज्ञापन सं०– 01/2024 रामगढ़/दिनांक– 07/10/2024

**–: नियुक्ति हेतु सूचना:–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डायलिसिस सेन्टर, सदर अस्पताल, रामगढ़ के संचालन के लिए डायलिसिस तकनीशियन की आवश्यकता है। जिसके लिए साक्षात्कार के माध्यम से विज्ञापन आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | डायलिसिस सेन्टर | पदनाम | कुल पद | समेकित पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सदर अस्पताल, रामगढ़ | डायलिसिस तकनीशियन | 01 | 15,706.00 |

**शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य वांछनियताएँ–**
1. इण्टरमीडिएट (10+2) एवं समकक्ष।
2. डायलिसिस टेक्नोलॉजी में 02 वर्षीय डिप्लोमा।

**अनुभव–**
1. कम से कम 03 वर्ष संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव।

**Walk in Interview**
1. Date of Walk in Interview : 16/10/2024
2. Venue : Civil Surgeon Office Ramgarh
3. Time : 11:30 A.M.

**सामान्य जानकारी एवं निर्देश–**
1. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदण्ड/तथ्य को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि को शैक्षणित योग्यता एवं अनुभव प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (01 सेट स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति/01 पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ लानी होगी।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**विज्ञापन की जानकारी एवं दिशानिर्देश रामगढ़ जिले की वेबसाईट "ramgarh.nic.in" से डाउनलोड की जा सकती है।**

उपाधीक्षक
सदर अस्पताल, रामगढ़

PR 338408 (District) 24-25 (D)

**कार्यालय :– कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लातेहार**
**सयुंक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206**
**Website :- www.atmalatehar.in**
**E-mail :- atmalatehar@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक–190 एवं 191 दिनांक 11.09.2024 द्वारा TRFA-Pulses, Oilseed योजना अन्तर्गत 50% अनुदान पर कृषि यंत्र किसानों के बीच वितरण हेतु लक्ष्य प्राप्त है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | कृषकों को अनुदानित दरों पर दी जाने वाले कृषि यंत्र एवं अन्य | For ST, SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य | For Other भौतिक लक्ष्य | अनुदान: मूल्य का 50% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनों में जो कम हो — ST, SC, Small & Marginal, Women | अनुदान: मूल्य का 40% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनों में जो कम हो — Other |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर नेपसेक स्प्रेयर | 26 | 8 | 3100/- | 2500/- |
| 2 | मैनुअल स्प्रेयर | 4 | 2 | 750/- | 600/- |
| 3 | रोटावेटर | 6 | 3 | 42000/- | 34000/- |
| 4 | स्प्रिंकलर सेट | 1 Unit | | The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be Rs. 19542/- to Rs. 21901/- per ha depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | |
| 5 | पम्पसेट | 15 | | 10000/- | |
| 6 | सिंचाई पाईप (HDPE) | 2570 miter | | 15,000/-(अधिकतम), 50रू प्रति मीटर HDPE पाईप, 35रू प्रति मीटर PVC पाईप, 20रू प्रति मीटर HDPE | |
| 7 | ड्रेसिंग फ्लोर | 6 | | 57500/- | |

अत: किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि निम्न शर्तों के अनुसार योजना का लाभ लिया जा सकता है:–
1. आवेदन पत्र जिला कृषि कार्यालय में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जमा किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र के साथ पहचान हेतु एक फोटो, जमीन रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र का फोटोकॉपी जनप्रतिनिधि तथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से अभिप्रमाणित कराकर जमा करें।
3. प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक के द्वारा किसानो को कृषि यंत्र वितरण टोकन आधारित होगी।
4. अनुदान की राशि का भुगतान किसानों के खाते में DBT के माध्यम से किया जाएगा।
5. वैसे कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा जो विगत तीन वर्षो से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत यांत्रीकरण का लाभ नहीं लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
6- JSLPS/स्वयं सहायता समूह/FPO के कृषकों विशेषकर महिला कृषकों लाभुक चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
7. पहले आओ–पहले पाओ के सिद्वांत पर स्वीकृति दी जाएगी।

परियोजना निदेशक,
आत्मा, लातेहार

PR 338420 (Agriculture)24-25*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**

प्रथम अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/21/2024-25
दिनांक– 08.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 09.10.2024 अपराह्न 06.00 बजे से। |
| 3 | प्री बिड कन्सल्टेशन स्टार्ट डेट | दिनांक 09.10.2024 अपराह्न 05.00 से। |
| 4 | प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय | In the Office of the Chief Engineer -cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi on 15.10.2024 at 3:30PM |
| 5 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 16.10.2024 अपराह्न 06.00 बजे तक। |
| 6 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 17.10.2024 अपराह्न 06.00 बजे से। |
| 7 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची 02। |
| 8 | ई मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 9 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 8204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request of Proposal for Supplying Various Chemicals and Reagents in 18 nos Ranchi Zone (1.State Lab Ranchi, 2.State Lab Store, 3.District Lab- Ranchi, 4. Hazaribagh, 5.Chatra, 6.Ramgarh, 7. Koderma, 8.Latehar, 9.Garhwa, 10. Medininagar, 11. Lohardaga, 12. Simdega, 13.Gumla, 14. Sub Divisional Lab-Panki (Medininagar), 15. Sub Divisional Lab-Nagar Uatari (Garhwa), 16. Sub Divisional Lab-Patratu (Ramgarh), 17. Sub Divisional Lab-Ormanjhi (Ranchi East), 18. Sub Divisional Lab- Barwadih (Latehar) | 2,00,000/- | 10,000/- |
| 2 | Request of Proposal for Supplying Various Chemicals and Reagents in 14 nos in Dumka Zone (1.District Lab- Deoghar, 2.Godda, 3.Jamtara, 4.Sahebganj, 5.Dumka-1, 6.Pakur, 7.Dhanbad-1, 8.Chas, 9.Giridih-1, 10.Saraikela Kharsawan, 11.Jamshedpur, 12.Chaibasa, 13.Khunti, 14.Sub Divisional Lab-Rajmahal (Sahebganj) | 2,08,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची।

PR.NO.338452 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल संख्या–1, रॉंची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–62/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.10.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15.10.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.10.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B Type Quarter No-10/56 56 Set at Doranda, Ranchi | 398000.00 | 8000.00 | 750.00 | One Month |
| 2 | Renovation of B Type Qtr No-7/18 Secretariat Colony at Hinoo, Ranchi | 388750.00 | 7800.00 | 750.00 | One Month |
| 3 | Renovation of C Type Quarter No.-01, Block No. 06 at Audrey House, Ranchi. | 581200.00 | 11700.00 | 1250.00 | One Month |
| 4 | Renovation of Quarter No.-B.C.D-38/51 at Harmu, Ranchi. | 389950.00 | 7800.00 | 750.00 | One Month |
| 5 | Renovation of Roof Treatment Vitrified Tiles, False Ceiling and Other Miscellaneous work in 5 Set Quarter No 5 (Occupied by Shashi Ranjan, IAS) at Mayer's Road, Ranchi | 1872850.00 | 37500.00 | 5000.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of B type Quarter No-10/24 at New Police, Kanke Road, Ranchi | 389850.00 | 7800.00 | 750.00 | One Month |
| 7 | Renovtion of C type Quarter No-1/16, 16 Set Semi-Permanent at Doranda, Ranchi | 562300.00 | 11300.00 | 1250.00 | One Month |
| 8 | Renovation of D type Quarter No-1, Block 1 Occupied by Ms Tanvee, Deputy Secretary, SCMS Behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 980500.00 | 19700.00 | 1250.00 | One Month |
| 9 | Renovation of Residence of District Judicial Commissioner, Ranchi | 4290750.00 | 85900.00 | 5000.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of B Type Quarter No.-13/18, Secretariat Colony at Hinoo, Ranchi. | 394550.00 | 7900.00 | 750.00 | One Month |
| 11 | Renovation of D Type Officer's Flat Quarter No.-8/12, 12 Set at Doranda, Ranchi. | 570470.00 | 11500.00 | 1250.00 | One Month |
| 12 | Renovation of B Type Quarter No. 118/124, 124 Set at Doranda, Ranchi | 496100.00 | 10000.00 | 750.00 | Two Months |
| 13 | Renovation of B type Quarter No-3/6 (Pucca) at Doranda, Ranchi | 399900.00 | 8000.00 | 750.00 | One Month |
| 14 | Renovation of Post Construction Anti Termite Treatment in Jharkhand High Court Judges Bungalow No.-1 (New) Judges Bungalow No.-1 (New) Judicial Officer's Guest House No.-3, Judges Residence Staff Quarter No.-6, Registrar Residence Staff Quarter No-14 at Doranda, Ranchi | 504900.00 | 10100.00 | 1250.00 | One Month |
| 15 | Renovation of B type Quarter No-73/121, 124 Set Doranda, Ranchi | 397350.00 | 8000.00 | 750.00 | One Month |
| 16 | Renovation of E type Quarter No-2/8 (Office of Jharkhand State Hindu Religious Trust Board) at Hinoo, Ranchi | 2905100.00 | 58200.00 | 5000.00 | Two Months |
| 17 | Renovation of Garrage 39 (Nos) Situated at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 1919300.00 | 38400.00 | 5000.00 | Two Months |
| 18 | Construction of Santri Post and Renovation of Guard Room at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 1210700.00 | 24300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 19 | Renovation of Roof and Outer Portion in ADJ Quarter 21 to 24 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 931200.00 | 18700.00 | 1250.00 | One Month |
| 20 | Renovation of ADJ Quarter No 32 & 34 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 913450.00 | 18300.00 | 1250.00 | One Month |
| 21 | Renovation of Ground Floor Room No-G-11 and G-12 in District Supply Officer Chamber and Office at Collectorate Building-A at Kutchary Ranchi | 896200.00 | 18000.00 | 1250.00 | One Month |
| 22 | Renovation of Room No-307 with Provision of workstation in Nepal House, Doranda, Ranchi | 2400700.00 | 48100.00 | 5000.00 | Two Months |
| 23 | Renovation of Parking, Boundary wall Concertina Coil Fencing, Outer Face and Miscellaneous work in Combined Office (B.C.D.) at Line Tank Road, Ranchi | 3963200.00 | 79300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 24 | Renovation of JAP-1 Family Quarter, Block No-12/16 Set (1 Block 18 Units), Beside Nepal House, Doranda, Ranchi | 4415700.00 | 88400.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट : निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची

PR 338289 Building(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन०आर०ई०पी०, चतरा**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/22/2024-25-RE-1
दिनांक– 07.10.2024

1.मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत:–

| क्र. सं. | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1 | प्रतापपुर | घोरदीह | गेरुआ | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 494200 | 9900 | 750 | तीन माह |
| 02 | 2 | प्रतापपुर | योगियारा | नैयाम खुर्द | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 525000 | 10500 | 1250 | तीन माह |
| 03 | 3 | प्रतापपुर | योगियारा | करीलुवा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 526200 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 04 | 4 | प्रतापपुर | योगियारा | नैयाम कला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 543600 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 05 | 5 | प्रतापपुर | कन्डे | रुद | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 535600 | 10800 | 1250 | तीन माह |
| 06 | 6 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | कारुडीह | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 07 | 7 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | प्रतापपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 530000 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 08 | 8 | प्रतापपुर | योगीडीह | गड़ुवाई | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 529300 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 09 | 9 | प्रतापपुर | योगीडीह | योगीडीह | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532400 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 10 | 10 | हण्टरगंज | कोबना | बढ़ेरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 537500 | 10800 | 1250 | तीन माह |
| 11 | 11 | हण्टरगंज | कोबना | कोबनी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 534300 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 12 | 12 | हण्टरगंज | कोबना | कोबना 1 | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 526200 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 13 | 13 | हण्टरगंज | कोबना | कोबना 2 | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 531200 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 14 | 14 | हण्टरगंज | कोबना | कोबना 3 | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 534300 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 15 | 15 | हण्टरगंज | केंदुलीकला | बेलगाड़ा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 543600 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 16 | 18 | हण्टरगंज | केंदुलीकला | केंदुलीकला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 528100 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 17 | 19 | हण्टरगंज | गोसाईडीह | पिण्डर्रा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 18 | 20 | हण्टरगंज | गोसाईडीह | नागर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 546800 | 11000 | 1250 | तीन माह |
| 19 | 22 | हण्टरगंज | तरवागड़ा | पकरा (कोतेसरी खाप) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 20 | 23 | हण्टरगंज | तिलहेता | रेउवार | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 549900 | 11000 | 1250 | तीन माह |
| 21 | 24 | हण्टरगंज | तिलहेता | तिलहेता | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 531200 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 22 | 25 | हण्टरगंज | तिलहेता | जोलय | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 534300 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 23 | 26 | हण्टरगंज | दरौली | पाण्डरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 549900 | 11000 | 1250 | तीन माह |
| 24 | 27 | हण्टरगंज | दरौली | तसकर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 25 | 28 | हण्टरगंज | गिरुर | गिरुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 531300 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 26 | 29 | हण्टरगंज | गिरुर | जलली | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 529200 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 27 | 30 | हण्टरगंज | गिरुर | सोनवर्षा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 28 | 31 | हण्टरगंज | गिरुर | गिरुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 530600 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 29 | 32 | हण्टरगंज | जबड़ा | रजुरिगा कला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 30 | 33 | हण्टरगंज | कोह | देवो | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532000 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 31 | 34 | हण्टरगंज | कोह | डाडा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 32 | 35 | हण्टरगंज | कोह | बेला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532000 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 33 | 36 | हण्टरगंज | औरु | कोह (नदुआडांड) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 529200 | 10600 | 1250 | तीन माह |
| 34 | 37 | हण्टरगंज | औरु | कोह (निमिया टांड) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 35 | 38 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल (उत्तरी तुलबुल) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 487700 | 9800 | 750 | तीन माह |
| 36 | 39 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 556600 | 11200 | 1250 | तीन माह |
| 37 | 40 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल (नीचे टोला) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532800 | 10700 | 1250 | तीन माह |
| 38 | 41 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | सरैया | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 842700 | 16900 | 1250 | तीन माह |
| 39 | 42 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | कन्दरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 539600 | 10800 | 1250 | तीन माह |
| 40 | 43 | कान्हाचट्टी | बिरेदीरे | सिरोहीरी (सिलाजोड़) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 338400 | 6800 | 750 | तीन माह |
| 41 | 44 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | बनसर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 509700 | 10200 | 1250 | तीन माह |
| 42 | 45 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | कोल्हैया | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 893800 | 17900 | 1250 | तीन माह |
| 43 | 46 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | कोल्हुया (पूर्व टोला) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 436400 | 8800 | 750 | तीन माह |
| 44 | 47 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | हेमरानुआ | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 705900 | 14200 | 1250 | तीन माह |
| 45 | 48 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | बेंदरा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 802000 | 16100 | 1250 | तीन माह |
| 46 | 49 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | भीम (कुल्हुआ) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 820800 | 16500 | 1250 | तीन माह |
| 47 | 50 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | रोहना | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 460800 | 9300 | 750 | तीन माह |
| 48 | 51 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | पनपड़ा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 543900 | 10900 | 1250 | तीन माह |
| 49 | 52 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | बेंगोकला (उत्तरी) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 651000 | 13100 | 1250 | तीन माह |
| 50 | 53 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | बेंगोकला खुर्द | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 580100 | 11700 | 1250 | तीन माह |
| 51 | 54 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | बेंगोकला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 627100 | 12600 | 1250 | तीन माह |
| 52 | 55 | कान्हाचट्टी | बिरेदीरे | रेन्दुरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 441900 | 8900 | 750 | तीन माह |
| 53 | 56 | कान्हाचट्टी | जगरी बकसपुरा | जगरी बकसपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 443200 | 8900 | 750 | तीन माह |
| 54 | 57 | कान्हाचट्टी | जगरी बकसपुरा | जगरी बकसपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 460900 | 9300 | 750 | तीन माह |
| 55 | 58 | कान्हाचट्टी | कपुरखा | बाराकानी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 1024500 | 20500 | 2500 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.10.2024
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 24.10.2024 के अपराह्न 5:30 बजे तक
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.10.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. 9572868229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 338377 NREP(24-25).D

# जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों के निहितार्थ

उमेश चतुर्वेदी

**भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है।**

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है।

यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। इसका उसे राष्ट्रीय फायदा भले ही न मिले,लेकिन केंद्रीय सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परेशानी खड़ी करने का जरिया वे बनाते रहेंगे। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। इसलिए अंदरूनी मुद्दों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उछालने में दलों को कोई हिचक नहीं होती। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लंदन और अमेरिका के भाषण इसके उदाहरण हैं।

दुनिया में भारत का दबदबा भले ही बढ़ रहा हो, भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भले ही हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ताकतें ऐसी भी हैं, जो भारत में उथल-पुथल देखना चाहती हैं। इसके लिए वे अपने तईं प्रयास भी करती रहती हैं। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की जीत को ये ताकतें बहाना बनाएंगी और यह नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश करेंगी कि जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति उसकी अवाम को ही स्वीकार्य नहीं है। इस बहाने घूम-फिरकर उसी तर्क को बढ़ावा दिया जाएगा, जो पाकिस्तान देता रहा है। जिसकी वकालत नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दल भी करते रहे हैं। पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह की बात करता रहा है तो नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी प्रकारांतर से पाकिस्तानी मंशा को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की चुनावी जीत ना मिलने के बाद वे फिर भाजपा के नजरिए को गलत साबित करने की कोशिश करेंगे ।

जम्मू-कश्मीर के चुनावी अभियान के दौरान विशेषकर कश्मीर घाटी के वोटरों के जो विचार सामने आ रहे थे, उससे ऐसे ही चुनाव नतीजों की उम्मीद थी। जिस घाटी में पत्थरबाजी रूक गई, जहां आतंकी घटनाओं पर लगाम लग गई, जहां ढाई दशक से पहले की तरह पर्यटकों की आमद बढ़ी, जहां अमन बढ़ा, वहां के लोग खुलकर कहते रहे कि उन्हें हिंदू राज नहीं चाहिए। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार की वजह से उन्हें ये सारी सहूलियतें मिलीं, राज्य में बदलाव आया। विकास की नई बयार बही। फिर घाटी के लोगों को ना तो नरेंद्र मोदी पसंद हैं और ना ही भारतीय जनता पार्टी। फिर कश्मीर घाटी में नवगठित विधानसभा की 47 सीटें आती हैं, जबकि जम्मू इलाके में 43 सीटें हैं। घाटी की सीटों पर भाजपा की चुनावी संभावनाओं की कोई उम्मीद भी नहीं लगाए हुए था। वैसे भी घाटी की 28 सीटों पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार भी नहीं दिए थे। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय का आंदोलन जिस प्रजा मंडल ने चलाया, उसका आधार जम्मू इलाके में ही रहा। वह एक तरह से भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ का ही हिस्सा था। देश मान कर चल रहा था कि जम्मू इलाके की 43 सीटों में ज्यादातर पर बीजेपी की जीत होगी। लेकिन वहां बीजेपी 29 सीटें ही जीत पाई। जाहिर है कि 14 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। वैसे बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। वैसे पार्टी के लिए संतोष की बात यह भी है कि घाटी की कई सीटों पर उसके उम्मीदवार हजार-दोहजार वोटों के ही अंतर से हारे हैं...फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई कि अपने गढ़ में वह शत-प्रतिशत सफलता हासिल क्यों नहीं कर पाई। वैसे बीजेपी इस बात से राहत की सांस ले सकती है कि हरियाणा में वह धमाकेदार जीत के साथ वापस लौट रही है।

## संपादकीय

# घोर लापरवाही के दोषी

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ट्रेनी डाक्टर के रेप और मर्डर मामले में विवादों में घिरे आरजी अस्पताल के दस चिकित्सकों को निष्कासित करने की कार्रवाई वाकई सराहनीय है। कॉलेज परिषद की बैठक में कथित तौर पर दूसरों को धमकाने के कारण यह निर्णय लिया गया। ये छात्रों के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज करने और शारीरिक हिंसा में भी शामिल थे। आरोपी चिकित्सकों ने जूनियर को यौन उत्पीड़न व दुर्व्यवहार तथा जबरन वसूली में लिप्त रहे विषेश राजनीतिक दल में शामिल होने के लिए मजबूर किया। महिलाओं के यौन उत्पीड़न के पर्याप्त सबूत जिनके खिलाफ पाए गए हैं, उनके नाम आंतरिक शिकायत समिति को भेज दिए। अस्पताल में हुए इस रेप-मर्डर के मामले के विवादों में आने के बाद जूनियर डॉक्टरों द्वारा धमकी संस्कृति की शिकायत के बाद 51 डॉक्टरों, हाउस स्टाफ व इंटर्न के इसमें शामिल होने के आरोपों में नोटिस भेजा गया था। उधर, वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही सीबीआई को परीक्षाओं के पेपर लीक में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की संलिप्तता के भी पुख्ता सबूत मिले हैं। कमोबेश इस घटना के चलते सिर्फ इस सरकारी अस्पताल की अराजकता खुलकर सामने आई है। परंतु देश भर के अस्पतालों में इसी तरह की अव्यवस्था का होने की आशंका से मना नहीं किया जा सकता। ऊपर के पदों पर आसीन वरिष्ठों द्वारा की जाने वाली दैहिक व मानसिक हिंसा तथा धमकियों को कार्य-प्रणाली का हिस्सा मानकर नजरंदाज किया जाता है। यही कारण है कि बार-बार खुलासा होता है कि चिकित्सकों पर काम के बोझ के अलावा मानसिक दबाव बहुत ज्यादा है। डॉक्टर स्वयं सेहतमंद व दुरुस्त नहीं होगा तो वह मरीज का बेहतर इलाज करने में कभी सफल नहीं हो सकता। इस सारे मसले में सबसे खास बात तो यह है कि आनन-फानन में यह कार्रवाई कहीं ध्यान भटकाने के लिहाज से तो नहीं की गई। इस मेड़िकल कॉलेज/अस्पताल से जिस तरह के खबरें आ रही हैं,, उन पर इस परिषद का ध्यान पहले क्यों नहीं था। तर्कसम्मत बात तो यह है कि कोई भी भीषण दुर्घटना विभिन्न घटनाओं के प्रति घोर लापरवाही बरतने के परिणामस्वरूप होती है, जिनकी जानते-बूझते अनदेखी होती रहती है। इस तरह की लीपापोती से अस्पताल की बदनामी कम नहीं की जा सकती। दरअसल, परिषद में शामिल लोगों को भी शक के दायरे से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। इस लिहाज से सरकार की यह सख्ती देर आयद दुरुस्त आयद ही कही जाएगी।

## चिंतन-मनन

# कॉर्पोरेट जगत में तनाव से कैसे दूर रहें?

आज कल जैसे-जैसे कॉर्पोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, बहुत से लोगों में तनाव भी बढ़ रहा है। यदि आपको कार्यस्थल पर किसी मित्र या सहकर्मी के साथ कोई गलतफहमी हो गई है तो आप अंदर से बहुत कठोर और नकारात्मक हो जाते हैं और फिर आप जहां भी जाते हैं इस नकारात्मकता को अपने साथ लेकर जाते हैं। तनाव हमारी सोच, भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करता है। तनाव को अपने ऊपर हावी होने देना किसी त्रासदी से कम नहीं है। तो अपने कार्यस्थल पर तनाव के कारण कोई मूल्य चुकाए बिना सफल कैसे हों? वास्तव में यह बहुत आसान है! यह बिल्कुल एक साइकिल चलाने जैसा है। जब आप साइकिल चलाते हैं तो गिरते नहीं बल्कि केंद्र में बने रहते हैं। जब साइकिल एक तरफ झुकने लगती है तब आप उसे केन्द्र में लाते हैं। साइकिल चलाने का सूत्र है - संतुलन! कॉर्पोरेट से सम्बंधित लोगों में तनाव का सबसे मुख्य कारण है कि आप अपने काम और पारिवारिक जीवन में संतुलन नहीं बना पाते । कुछ लोग हर समय अपने ऑफिस का ही कार्य करते रहते हैं और उसके कारण पारिवारिक जिम्मेदारियों की उपेक्षा कर देते हैं। जबकि कुछ लोग अपने परिवार में इतने फँसे रहते हैं कि उनकी दुनिया उनके घर की चारदीवारी से आगे नहीं जा पाती; दोनों ही स्थिति में आप अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाते हैं। तो तनाव से छुटकारा पाने का पहला कदम है अपने परिवार, समाज और कार्य के बीच संतुलन बनाएँ ।

# हरियाणा में भी चला मोदी की करिश्माई लोकप्रियता का जादू

कृष्णमोहन झा

हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस की सारी उम्मीदों पर फेर दिया है।उसके लिए हरियाणा के चुनाव परिणाम निराशाजनक साबित हुए हैं। कांग्रेस यह उम्मीद लगाए बैठी थी कि दस साल बाद उसे पुनः राज्य की सत्ता पर काबिज होने का सौभाग्य मिलने जा रहा है परंतु शायद वह जनता के रुख का अंदाजा लगाने में भूल कर बैठी और अब लगातार तीसरी बार उसे सदन के अंदर विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने विधानसभा चुनावों की घोषणा के कुछ माह पूर्व नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की बागडोर सौंपी थी जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया था। भाजपा हाईकमान ने जिस रणनीति के तहत हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन किया था उस रणनीति का भाजपा को पूरा फायदा मिला और वह लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने में कामयाब हो गई। गौरतलब है कि भाजपा ने चुनावों के कुछ माह पूर्व इस तरह के प्रयोग कुछ अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी किए और सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने में कामयाबी भी मिली। निश्चित रूप से हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की इस जीत ने केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर का कद भी बढ़ा दिया है जो लगभग 9 साल तक मुख्यमंत्री की की कुर्सी पर आसीन रहे। हरियाणा में भाजपा की शानदार जीत के बाद पार्टी कार्यकताओं और नेताओं का उमंग और उल्लास चरम पर है जबकि कांग्रेस को यह समझ नहीं आ रहा है कि मतदान संपन्न होने के बाद घोषित हुए सारे चैनलों के एक्जिट पोल के नतीजे कैसे गलत साबित हो गये । दरअसल अब कांग्रेस को हरियाणा में मिली शोचनीय हार को स्वीकार करने का साहस दिखाना चाहिए और यह आत्म मंथन भी करना चाहिए कि आखिर क्यों जनता से उसकी दूरियां कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं।यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं है कि चुनावों में अपनी आसन्न पराजय दीवार पर लिखी इबारत के समान स्पष्ट दिखाई देने के बावजूद कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता सत्ता में वापसी का दावा कैसे कर रहे थे। मतदान संपन्न होने के बाद तो कांग्रेस को इतने अतिआत्मविश्वास ने जकड़ लिया था कि उसके अंदर नये मुख्यमंत्री के नाम पर भी विचार विमर्श प्रारंभ हो चुका था। मतगणना के दिन सुबह भी पार्टी के अंदर इसी तरह की चचाएँ चल रही थीं लेकिन दो तीन घंटे की मतगणना के बाद सभी कांग्रेस नेताओं के चेहरों का रंग फीका पड़ने लगा। एक्जिट पोल के नतीजों पर आंख मूंद कर भरोसा करना उन्हें महंगा पड़ा। काश कांग्रेस के नेताओं ने एक बारगी यह भी सोच लिया होता कि एक्जिट पोल के नतीजे जिस तरह अतीत में भी कई बार गलत साबित होते रहे हैं उसी तरह इस बार भी गलत साबित हो गये तो पार्टी को कितनी किरकिरी का सामना करना पड़ेगा।

हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणामों से ऐसा प्रतीत होता है कि वहां भाजपा के पक्ष में पहले से ही अंडर करंट बह रहा था जिसे भांपने में कांग्रेस के रणनीतिकारों से चूक हो गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणामों ने समूची कांग्रेस पार्टी को हक्का बक्का कर दिया है । उसकी समझ में ही आ रहा है कि मतगणना के रुझान कैसे उसके पक्ष में आते आते उसकी गहरी शिकस्त का संदेश लेकर आ गये। दरअसल कांग्रेस को अपनी इस शोचनीय हार के लिए किसी और पर दोषारोपण करने के बजाय यह स्वीकार करने का साहस दिखाना चाहिए कि हरियाणा में उसके वरिष्ठ नेताओं के मतभेदों और मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षा ने उसे लगातार तीसरी बार करारी हार की कगार पर पहुंचा दिया। कांग्रेस सांसद एवं मुख्यमंत्री पद की दावेदार कुमारी शैलजा की टिकट वितरण में जिस उपेक्षा की गई उससे नाराज हो कर उन्होंने दस दिन तक न केवल पार्टी के चुनाव अभियान से खुद को अलग रखा बल्कि वे घर के बाहर ही नहीं निकलीं । उनकी नाराजगी दूर करने के लिए खुद राहुल गांधी को आगे आना पड़ा। राहुल गांधी ने मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा से उनका हाथ मिलवाकर यह संदेश देने की कोशिश तो जरूर की कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है परन्तु तब तक काफी देर हो चुकी थी। पार्टी के चुनाव अभियान से कुमारी शैलजा की इस दूरी ने पार्टी की चुनावी संभावनाओं को बहुत प्रभावित किया। टिकट वितरण में भूपिंदर सिंह हुड्डा ने जिस अपना वर्चस्व कायम रखा उसने भी अनेक नेताओं को रुष्ट कर दिया। कुमारी शैलजा की नाराजगी ने दलित वोट बैंक को पार्टी से दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई। कांग्रेस ने यह खुशफहमी भी पाल रखी थी हरियाणा में किसानों की नाराजगी, अग्निवीर योजना का कथित विरोध , एंटी इन्कमबैंसी जैसे कारक उसका सत्ता से एक दशक पुराना वनवास समाप्त कराने में मददगार साबित होंगे परंतु शायद वह इस हकीकत को भूल गई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई लोकप्रियता को चुनौती देने की स्थिति तक पहुंचना उसके लिए अभी नामुमकिन ही है।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# टैगोर से दूर जाता बांग्लादेश

आर.के. सिन्हा

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे अपने ही राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन अब बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ ही है कि टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद कठमुल्ले चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर का लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को देश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसले लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है।

वैसे तो बांग्लादेश में, नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि बांग्लादेशी के राष्ट्रगान को बदलने की 'कोई योजना नहीं' है। सरकार 'ऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो।' हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' ('मेरा स्वर्णिम बंगाल') की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के 'अमी कोथाय पाबो तारे' से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी।

दरअसल बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित सा ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलने की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आजमी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमाते ए इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तान सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया। इसे बदला जाना ही चाहिए। इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की 1975 में हुई हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। यह दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं।

गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। बांग्लादेश में काजी नजरुल इस्लाम जैसे महान बांग्ला कवि को भी खारिज किया जा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू देवी- देवताओं की स्तुति में लिखा है। बांग्लादेश में ऐसे गीत की मांग हो रही है जिसमें 'दूसरी स्वतंत्रता' का उल्लेख हो। बांग्लादेश में यूएनआई न्यूज एजेंसी के संवाददाता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार और संपादक महेन्द्र वेद बताते हैं कि बांग्लादेश में राष्ट्रगान बदलने की मांग शेख मुजीब की अगस्त 1975 की हत्या के तुरंत भी बाद शुरू हुई थी। राष्ट्रपति खोंडकर मुश्ताक अहमद ने एक समिति का गठन किया जिसने राष्ट्रगान को काजी नजरुल इस्लाम या फारूख अहमद के लिखे गीतों से से बदलने का प्रस्ताव रखा था। हालाँकि, उस वर्ष नवंबर में खोंडकर के हटाए जाने के बाद यह पहल पूरी नहीं हुई।

राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में, 'राष्ट्रवादियों' ने 'एक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगान' को अपनाने की मांग की। 1979 में, कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधान मंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला 'राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीत' है क्योंकि इसे 'एक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थी'। उन्होंने 'प्रथम बांग्लादेश' का प्रस्ताव रखा। जिया के राष्ट्रपति पद के दौरान, राष्ट्रीय टेलीविजन और सरकारी कार्यक्रमों के दौरान 'अमार सोनार बांग्ला' के बाद यह गीत बजाया जाता था। 1981 में जिया की हत्या के बाद यह बंद हो गया। यह गीत वर्तमान में जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का 'पार्टी गीत' है।

जिया की पत्नी बेगम खालिदा जिया 2002 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं जब बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेता मोतीउर रहमान निजामी ने 'इस्लामी मूल्यों और भावना' को शामिल करने के लिए टैगोर के गीत में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि देश कि कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। बहरहाल, बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीब की मूर्तियाँ नष्ट कर दी गईं और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि मनाई गई। बहुत साफ है कि बांग्लादेश अब बदल रहा है। उस पर कठमुल्लों का असर बढ़ता जा रहा है।

अब बांग्लादेश उस पाकिस्तान के करीब आ रहा है जिसकी सेना ने ईस्ट पाकिस्तान में भयंकर कत्लेआम किया था। बांग्लादेश में 1971 में हिन्दुओं पर पाकिस्तानी सेनाओं का कहर टूटा था। उस समय खुलना, खुस्तिया, इसर्दीह आदि स्थानों पर क्या नरसंहार हुआ, क्या तबाही का आलम था, एक युद्ध संवाददाता के रूप में उसका प्रत्यक्षदर्शी गवाह स्वयं मैं हूँ। न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी 29 जून, 1971 की एक लोमहर्षक रिपोर्ट में पूर्वी पाकिस्तान के शहर फरीदपुर में सेना के आतंक की कहानी बयां की थी। पाकिस्तानी सेना ने फरीदपुर में हिंदुओं की दुकानों पर बड़े पीले रंग से 'एच' लिख दिया था जिन्हें सेना ने लूटना था। जाहिर है, 'एच' का मतलब हिन्दुओं की दुकानों से था। फरीदपुर के दस हजार हिंदुओं में से अधिकतर की हत्या कर दी गई थी और बचे-खुचे भारत में जान बचा कर चले गए थे। दरअसल 1971 में पाकिस्तानी फौजों ने फरीदपुर ही नहीं, बल्कि सारे पूर्वी बंगाल में हिन्दुओं को मारा था। पाकिस्तानी सेना पूर्वी पाकिस्तान से हिन्दुओं का नामोनिशान मिटाने पर लगी हुई थी। अब ये सवाल नहीं है कि जब भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे या अधिक। यह सवाल भी नहीं हैं कि क्या बांग्लादेश हिन्दू-विहीन हो जाएगा और वहां से गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्र गीत को खत्म कर दिया जाएगा?

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## एक नजर

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**रामगढ़** : पुलिस ने अवैध कोयले से लदे एक ट्रक जब्त किया है। साथ ही तस्करी कर रहे व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार की शाम एसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध कोयला ट्रक कुजू मांडू से होकर बिहार के डेहरी मंडी में भेजा जा रहा है। इस सूचना के आधार पर मांडू थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा और मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव के द्वारा एक ट्रक जेएच 12 ई 7410 को रुकने का इशारा किया। ट्रक ड्राइवर ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। उसे पीछा कर पकड़ा गया। ट्रक पर 20 टन अवैध कोयला लदा हुआ था। इस दौरान चालक नारायण यादव को गिरफ्तार किया गया। वह कोडरमा जिले के मरकच्चो का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से अवैध कोयला लाद कर वह बिहार की मंडी में ले जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया और गिरफ्तार कोयला तस्कर को जेल भेज दिया है।

### पुलिस जवानों ने किया मॉक ड्रिल और फ्लैग मार्च

**कोडरमा** : दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को बाघीटांड़ स्टेडियम में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की उपस्थित में मॉक ड्रिल कराया गया। मॉक ड्रिल में पुलिसकर्मियों को दंगाईयों से निपटने के तरीके बताए गए। रिहर्सल के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के तरीकों की जानकारी दी गई। एसपी ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा मुस्तैदी के साथ दंगा को नियंत्रण करने के लिए विधि का प्रदर्शन किया गया। एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टियर गैस गन आदि शस्त्रों को चलाकर निरीक्षण किया गया। वहीं एसपी अनुदीप सिंह के मौजूदगी में दुगार्पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने एवं असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखने हेतु कोडरमा, तिलैया एवं जयनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फ्लैग मार्च किया गया। मौके पर कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, क्राइम रीडर तापश डे आदि उपस्थित थे।

### कैंसर पीड़ित मां को बेटा ले गया अस्पताल, चोरों ने खाली कर दिया घर

**रामगढ़** : जिले में चोरी की वारदात काफी बढ़ गई है। चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह जेवर और नगद के साथ-साथ अब घर का फर्नीचर भी चुरा ले जा रहे हैं। बेखौफ चोर अपने साथ बाकायदा बड़ी गाड़ी लेकर आते हैं और बड़े इत्मीनान से घर का फर्नीचर गाड़ी में लाद कर चले जाते हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र के मरार से सामने आया है। मंगलवार को घर के मालिक भरत कुमार ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। भरत ने पुलिस को बताया कि उसकी मां कैंसर की मरीज हैं। सात अक्टूबर को वह अपनी मां को इलाज कराने के लिए जमशेदपुर के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में ले गया था। इस दौरान भरत की पत्नी अपने मायके चली गई थी। जब वह जमशेदपुर से लौटा तो घाटों के बाजारटांड़ चला गया। मंगलवार की सुबह भरत के पड़ोसी रतन करमाली ने उन्हें सूचना दी कि उसके घर में चोरी हो गई है। आनन-फानन में भरत जब मरार स्थित अपने घर पहुंचा तो देखा कि उसके घर का फर्नीचर और जेवर गायब है। यहां तक की अलमारी में रखे बर्तन भी चोर अपने साथ ले गए थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपए होगी।

# जनता को न नीति मिली न नियोजन, सरकार ने आम जनमानस को छला : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव के वक़्त राज्य सरकार लोकलुभावन वादों की बड़ी पोटली लेकर आई थी। आज पांच साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने जनता से किए एक भी वादे को पूरा नहीं किया। इन्होंने स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के वादे को भी भुला दिया है। जनता को न नीति मिली न नियोजन। सरकार ने जनता को ठगा है। महतो मंगलवार को रिंग रोड स्थित तुरुप (रूदिया) में आयोजित खिजरी विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम की सोच जनता के विकास से इतर अपने परिवार के विकास तक सीमित है। इन्होंने सिर्फ निजी विकास को महत्व दिया है। जिसका नुकसान जनता को उठाना पड़ रहा है। खिजरी की जनता ने कांग्रेस को अपना मत दिया और इन्होंने खिजरी के विकास पर पूर्ण विराम लगा दिया है। मतो ने कहा कि पूरे राज्य समेत खिजरी की जनता भी बदलाव चाहती है। बदलाव का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता। उन्होंने कहा कि गांव समाज के समग्र विकास के लिए ग्राम सभा और पंचायत की मजबूती अनिवार्य। सरकार ने ग्राम सभा को कमजोर कर दिया है जिस वजह से अबुआ आवास योजना आज बबुआ आवास बन कर रहा गया है। गरीबों को आवास नहीं मिला पैसों वालों को आवास दे रही है सरकार। कार्यकर्ता सक्रियता और एकाग्रता से मंजिल हासिल करने की जिद्द और जुनून पैदा करें। बौद्धिक स्तर पर पार्टी की पृष्ठभूमि का दायरा बढ़ाकर राजनीतिक हालात बदलना ही हमारा मकसद है। भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार को करारा जवाब देगी जनता। इस मौके पर मुख्य प्रवता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय प्रवता सुधीर यादव, जिला अध्यक्ष संजय महतो, जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, जगदीश महतो सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रभारी उपस्थित थे।

## साइबर फ्रॉड का शिकार हुए जयनाथ न्याय के लिए दर-दर की खा रहा ठोकर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)** : उंटारी प्रखंड के कुटमू गांव निवासी जयनाथ मेहता साइबर क्राईम का शिकार हो गए। 27 जुलाई को इनके खाते से 8 लाख 20 हजार रुपए गायब हो गया। इस संबंध में उंटारी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। थाना प्रभारी दीपक कुमार के द्वारा पांडू अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान को इन्वेस्टिंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इस मामले में दो आरोपी शेख सद्दाम व रंजीत कुमार को गिरफ्तार भी किया गया। जिसमें रंजीत कुमार को छोड़ दिया गया, जबकि शेख सद्दाम को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जयनाथ ने बताया कि 27 जुलाई को रंजीत कुमार के द्वारा फोन कर दुकान के नाम स्कैनर आने की बात कही गई। जिसके लिए उससे ओटीपी की मांग की गई। लेकिन अपने दुकान में व्यस्त जयनाथ मोबाइल को चार्ज में लगाकर अन्य काम में व्यस्त हो गया। जिसका फायदा उठाकर रंजीत कुमार के द्वारा उसके मोबाइल से छेड़छाड़ की गई। इसके बाद थोड़ी देर में गायब हो गया। बताया कि थोड़ी देर बाद किसी के खाते में पैसे ट्रांसफर करना तो बार-बार फुल कर जा रहा था। देखने पर पता चला कि अकाउंट के सारे पैसे गायब हो गए हैं। इसकी तत्काल शिकायत उंटारी रोड थाना में लिखित आवेदन देकर की गई। साथ में इसके लिए पांडू पुलिस अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान को बनाया गया। घटना के बात उंटारी रोड व पांडू थाना प्रभारी के द्वारा गंभीरता दिखाते हुए पांडू निवासी रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

## डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पिछली न्यास परिषद की बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा किया गया। इस दौरान कई योजनाओं का टेंडर निकाले जाने की बात कही गयी, वहीं कुई योजनाओं में कार्य भी प्रारंभ हो गया है। इस दौरान उपायुक्त ने जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है या टेंडर भी नहीं हुआ है उस संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। वहीं खनन पदाधिकारी को राजस्व वसूली में भी तेजी लाने की बात कही गयी। इसके अतरिक्त एजेंडावार प्राप्त अन्य योजनाओं पर भी चर्चा किया गया। 150 व्हील चेयर,बच्चों के लिये स्वेटर व लोवर का क्रय किया जायेगा। बैठक में आगामी ठंड के मद्देनजर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के लिये स्वेटर व लोवर क्रय करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 150 व्हीलचेयर का भी क्रय किया जायेगा.वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी से मॉडल बूथों की सूची प्राप्त कर वहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्द कराने का भी निर्णय लिया गया.बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य योजनाओं को भी पारित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीरअहमद, डीएफओ, सिविल सर्जन, पलामू व चतरा सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी सभागार से जुड़े जबकि प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया व उप मुखिया वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।

## ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पलामू ने जीता बेस्ट कराटे टीम का अवॉर्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : झाराखंड शोतोकान स्पोर्टस कराटे संघ द्वारा आयोजित ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप का सम्मापन हुआ। यह प्रतियोगिता मेदिनीनगर शहर में अयोजित की गई थी। जिसमें बिहार, उड़ीसा, बंगाल के खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करने पलामू जिले में आए हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, रोटी कपड़ा बैंक के सचिव दीपक तिवारी, समाजसेवी आशीष भारद्वाज, अजय सिंह, अविनाश वर्मा, बृजेश शुक्ला, यातायात पदाधिकारी ए एस आई सामाल अहमद, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के निर्देशक रमाकांत मेहता ने खिलाड़ियों को मेडल पहना कर उन्हे शुभकामनाएं दी। मौके पर सर्जन मेजर सुरेश कुमार ओझा ने कहा कि कराटे खेल सिर्फ.शक्ति प्रदर्शन नहीं बल्कि बुद्धि प्रदर्शन भी है इस खेल के माध्यम से आप अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करना सिखाते हैं। कराटे आत्मरक्षा की कला है यह सभी को आनी चाहिए। जिस खेल को टीवी या सोशल मीडिया के माध्यम से देखने को मिलता था उसे पलामू जिले में देखने को मिला। वही मौके पर यातायात पदाधिकारी ए. एस.आई अहमद ने कहा कि कराटे की ट्रैनिंग एक समय मैंने भी लिया था। और आज इस खेल को मेदिनीनगर शहर में देखकर कर बहुत ज्यादा खुशी मिल रही है। मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमीत बर्मन ने कहा की इस प्रतियोगिता में पलामू जिला से 105 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वही गढ़वा जिले से 18 तो वही लोहरदगा जिला 38 खिलाड़ियों ने भगा लिया, बिहार राज्य के पटना जिला से 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया तो वही उड़ीसा राज्य के करपोत जिला से 10 खिलाड़ियों ने भगा लिया तो वही बंगाल राज्य के बांकुरा जिला से 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया कुल मिलकर इस प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रतीभा दिखाया।

## एनडीपीएस के एक मामले में दो लोगों को 18 वर्ष की सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने एनडीपीएस केस संख्या 13/2023 के आरोपी सलमान खान व रोहित कुमार उर्फ करण सिंह को 18, 18 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं एक लाख 50 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतान पड़ेगी ।विदित हो कि 13 जुलाई 2023 को दुबियाखाड़ मोड़ डालटनगंज के पास 2:30 बजे इनोवा कार नम्बर खल 00 ऊे 7167 से 17 पैकेट गांजा जिसका वजन 100 किलोग्राम था। लेकर जा रहे थे।उक्त गाड़ी सलमान खान चला रहा था जबकि रोहित कुमार उर्फ करण सिंह ड्राइवर के बगल के सीट में बैठा था । अदालत ने साक्षय के आधार पर दोषी पाते हुए दोनों लोगों को एनडीपीएस की धारा 20 व एनडीपीएस की धारा 29 में 18 -18 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा व एक लाख 50 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छः माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी । दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी । विदित हो कि सलमान खान लहठान अगिआंव बाजार भोजपुर आरा बिहार का निवासी हैं। जबकि दूसरा मुदालय रोहित कुमार उर्फ करण सिंह बेलडेहरी थाना सिकरहट्टा भोजपुर आरा बिहार का निवासी है।

## दुनिया बदल रही है, इनोवेशन पर जोर देने की जरूरत : हरिवंश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि जिस तरह आज तकनीक की दुनिया निरंतर बदल रही है, ऐसे में इनोवेशन आज के दौर की महती आवश्यकता है। अतएव इसे अवसर में तब्दील करने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। वे मंगलवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित व्याख्यान 'भावी दुनिया में भारत, विशेष संदर्भः मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। जीडी बिरला सभागार में आयोजित एक्सपर्ट टॉक में हरिवंश ने कहा कि भारत अब अपनी पहचान बनाने में सक्षम है। भारत अब अपनी प्रतिभा, लगन और मेहनत के बल पर पूरी दुनिया में पहचान बनाने में सक्षम साबित हुआ है। वो दिन गए, जब भारत को सपेरो का देश कहा जाता था। यहां तक कि पश्चिम के नामी- गिरामी अखबारों में भी भारत की अति महत्त्वपूर्ण खबरें मात्र दो या तीन लाइनों में सिमटा दी जाती थीं लेकिन आज के दौर में विकसित देशों में भारत की अलग पहचान बनी है। लोग यहां की खबरों को प्रमुखता से देखना और सुनना पसंद करते हैं। हरिवश ने कहा कि स्टार्टअप्स में हमारे देश के बच्चे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यह ऐसा अवसर है जो दोबारा हमें हासिल होने वाला नहीं है। इसीलिए, बेहतर भारत को सुनिश्चित करने और वैश्विक स्तर पर अपनी धाक जमाने के लिए हमें पुरजोर कोशिश करनी होगी। उन्होंने ताईवान जैसे छोटे देश का उदाहरण देते हुए कहा कि आप पूरी दुनिया में 61 प्रतिशत चिप यहीं से निर्यात होते हैं। यह इनोवेशन, अपने काम के प्रति ईमानदारी और तकनीक का ही चमत्कार है, जिससे ताईवान इस प्रशंसनीय स्तर तक पहुंच पाने में कामयाब हो पाया। हम भी समय का मूल्य समझें, नए विचारों के साथ तालमेल बैठाएं तो तकनीक के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की स्थिति में होंगे। हरिवंश ने कहा कि भारतीय पत्रकारों को भी अपनी भूमिका पर विचार करना होगा। गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा पत्रकारों के लिए तय की गई कसौटी, जिसमें देश को केंद्र बिंदु में रखा गया है, उसी तर्ज पर पत्रकारों को भी अपने दायित्व का निर्वहन करने के प्रति सजग रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जहां विभिन्न बीमारियों की वैक्सीन को विकासशील और अल्प विकसित देशों में आने में दशकों का समय लगता था, वहीं भारत ने कोरोना वैक्सीन को बहुत कम समय में ही बाजार में उपलब्ध करवा कर पूरी दुनिया में अपनी धाक जमायी। आज डिजीटल इकोनामी के क्षेत्र में भारत की सराहना पूरे विश्व में हो रही है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि आज पूरे विश्व की निगाह भारत की ओर है। भारत आज प्रगति के सोपान पर निरंतर अग्रसर है। हमें 'सनातन वे आफ लाइफ' पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 से सभी को बड़े स्तर पर सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जनहित में किए कार्यों के लिए अविनाश देव ने सीएम को दी शुभकामनाएं

**मेदिनीनगर (पलामू)** : कार्यकाल के शुरूआती दौर से ही माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रकृति ने साथ नहीं दिया। कोरोना के वैश्विक महामारी हो या विपक्षियों का दमन हमेशा माननीय घायल रहे। कोविड में हेमंत सोरेन जी ने जनहित में जो कार्य किए उसे जमाना याद रखेगा। मजदूर हित में इन्होंने जो साहसिक पहलकदमी उठाया झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज से अपने वतन पहुंचाना काबिल ए तारीफ है। विषम परिस्थिति में भी सबों को कुछ न कुछ दिया। हाल के मइयाँ सम्मान योजना लाजवाब योजना रहा। दशहरा दुगार्पूजा नवरात्र के अवसर पर जनहित में किए कार्यों के लिए मिल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व तस्वीर देकर शुभकामना दिया और उज्जवल भविष्य हेतू मंगल कामना किया।

### उपायुक्त ने तीन प्रखंड समन्वयक व एक कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त की

**मेदिनीनगर (पलामू)** : जिले में अबुआ आवास योजना से सभी योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी को लेकर वे लगातार अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहें है।इसके अलावे उन्होंने उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद को भी व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कहीं भी इस योजना में किसी भी स्तर से शिथिलता न बरती जाये। उपायुक्त के निर्देश पर डीडीसी के नेतृत्व में आवास सेक्शन के पदाधिकारी व कर्मी देर रात व अवकाश के दिन भी कार्य कर रहें हैं ताकि योग्य लाभुकों को आवास से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके बावजूद कई प्रखंड समन्वयकों द्वारा अबुआ आवास के क्रियान्वन में शिथिलता बरती जा रही है। इन सभी कर्मियों के विरुद्ध उपायुक्त ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। पीएम आवास योजना के तीन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की संविदा समाप्त,सतबरवा के कंप्यूटर ऑपरेटर की भी संविदा रद्द अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन में लगातार शिथिलता बरतने को लेकर सोमवार को उपायुक्त रंजन ने हैदरनगर, हुसैनाबाद व नवाबजार के आवास योजना के प्रखंड समन्वयक व सतबरवा के लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त कर दी है। संविदा समाप्त करने से पूर्व सभी कर्मियों से कई बार योजना के क्रियान्वन में लापरवाही बरतने को लेकर स्पष्टीकरण किया गया था इसके साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में संविदा समाप्त करने की अंतिम चेतावनी भी दी गयी थी इसके बावजूद इनके द्वारा कार्यों में प्रगति नहीं किया गया जिसके फल स्वरुप सभी की संविदा समाप्त कर दी गयी।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में डांडिया का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू)** : रांची रोड दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में नवरात्र को लेकर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और नवरात्र एक उत्सव है। इस उत्सव में सभी जाति और धर्म के लोग हिस्सा लेते हैं। छात्रों को डांडिया के माध्यम से भारतीय संस्कृति से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि हम लोग बच्चों को परंपरा को आगे बढ़ाने और सब का मान सम्मान करने की सीख दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने कहा कि स्कूल में बच्चों के बीच टैलेंट की कोई कमी नहीं है पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में चहुंमुखी विकास के लिए इस तरह का आयोजन किया जाता है बच्चों के इसी टैलेंट को निखारने के लिए स्कूली बच्चों को आए दिन विभिन्न तरह के खेल ,डांस ,रंगोली मेहंदी तथा क्ले से निर्मित मूर्तियों की प्रतियोगिता आयोजन किया जाता है । बच्चों ने डांडिया डांस का शानदार प्रदर्शन किया कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने सभी प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर स्नेह सुरभि, सब्या कुमारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी तिवारी, पूनम तिवारी, स्वर्णा तिवारी, निभा कुमारी, काजल कुमारी, सुनीता पांडेय, अर्चना पांडेय, प्रिया दुबे, अनु दुबे, सतीश कुमार, सुहानी वर्मा, रोहित कुमार, पूजा गुप्ता, छाया रानी सिंह,शिखा दूबे, सृष्टि कुमारी, राजेंद्र पाल, सुनीता देवी, मनीषा देवी, सियानंदन पाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सनातन धर्म से हमें दूसरे के दुःख हरण करने की प्रेरणा मिलती है : नामधारी

**मेदिनीनगर (पलामू)** : सनातन धर्म से हमे दूसरे के दु:ख को हरण करने की प्रेरणा मिलती हैं। साथ ही राम चरित्र मानस से हमे जीवन के कई मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा मिलती हैं। उक्त बातें झारखंड विधानसभा के प्रथम स्पीकर इन्दर सिंह नामधारी ने कही। वे सोमवार को सदर प्रखंड के पोलपोल शिवबेल में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के 12 वे अधिवेशन के पांचवे दिन मानस कथा के उदघाटन के मौके पर बोल रहे थे। इस मौके पर कमिटी के लोगो ने श्री नामधारी को अंग बस्त्र ओढ़ाकर सम्मनित किया। श्री नामधारी ने कहा कि हमे कठिन परिस्थितियों से न घबराना चाहिए।राम चरित्र मानस से हमे धौर्य, सहनशीलता, वीरता, सामंजस्य, मधुरता, शौर्य, ज्ञानी, पराक्रमी,व सुगमता जैसे गुण सीखने को मिलता हैं।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म मे हमे दुसरे के दु:ख को हरण करने की प्रेरणा मिलता है। सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म है। सनातन धर्म मे परहित के बारे में बताया गया है।उन्होंने कहा कि दूसरे के हित के लिए जो काम करते हैं उनके लिए दुनिया मे कुछ भी असंभव नही है। उन्होंने कहा कि अगर हम जीवन मे रामचरित मानस को उतार लें तो जीवन धन्य हो जाएगा। उन्होंने कहा की इमरजेंसी के दौरान हमे 1975 में 17 माह जेल में रहना पड़ा था।वहां मुझे तुलसी कृत रामचरित मानस पढ़ने का अवसर मिला।दो दो घण्टे तक मनन करते थे। उन्होंने कहा कि राम चरित मानस की कुछ पंक्तियां जीवन मे उतार लें तो जीवन धन्य हो जाएगा।उन्होंने कहा कि सीता का अपहरण हुआ था राम लक्ष्मण उनको खोज रहे थे। जटायु को खून से लथपथ हालत देख पूछे यह कैसे हुआ तो जटायु ने बताया कि रावण ने सीता का अपहरण कर लिया हैं। रावण को रोकने के लिए युद्ध किया हूं। इस युद्ध मे रावण ने मेरे पंख काट डाले। जटायु के प्राण छूटने पर राम ने जटायु का अंतिम संस्कार किया। उन्होंने कहा कि हमे भी परहित के लिए कार्य करना चाहिए।

## एक नजर

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**साहिबगंज :** जिला के रांगा थाना क्षेत्र के बसबिता निवासी लखीराम सोरेन की 18 वर्षीय पुत्री बहमाई सोरेन ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही परिजनों ने बताया की घर पर कोई नहीं था जब घर पहुंचा तो देखा की मेरी पुत्री बहमाई सोरेन दुपट्टा से फांसी लगा कर लटकी हुई है। वही मौके पर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख ने अपने दलबल के साथ पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर राजमहल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वही तीनपहाड़ थाना प्रभारी ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।

### किकू महतो ने बोड़ाम बीडीओ का संभाला पदभार

**पटमदा :** बोड़ाम बीडीओ के रूप में किकू महतो ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की लाभकारी योजना को पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। वही बोड़ाम प्रखंड में योजनाओ को सुचारू रूप से संचालित कराने पर फोकस रहेगा। निवर्तमान बीडीओ नाजिया अफरोज ने विधिवत पदभार सौपा।

### नहाने के दौरान डूबने से दो की हुई मौत

**दुमका :** जिले में दो थाना क्षेत्रों में नहाने के दौरान डूबने से किशोर समेत दो की मौत हो गई। शहर के नगर थाना क्षेत्र में खुंटाबांध तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण 32 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई है। यह घटना आज दोपहर के करीब दो बजे के आसपास घटी। मृतक जितेन्द्र कुमार साह उर्फ जितू साह दुमका शहर के नगर थाना क्षेत्र के हरणाकुंडी रोड स्थित काली मंडा के पास का रहने वाला था। वह अपने दोस्तों के साथ खुंटाबांध तालाब में नहाने के लिए आया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों ने जब तक युवक को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में कर पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

### डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फौजदारी नाथ में किया जलार्पण

**दुमका :** पुलिस विभाग डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को वैदिक पद्धति से पैतृक पंडा की उपस्थिति में फौजदारी नाथ पर जलार्पण किया। इसके बाद पार्वती काली एवं बगुलामुखी की पूजा कर एक भव्य आरती के कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां बाबा बासुकीनाथ माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आरती उतारी गई। सभी प्रकार के धार्मिक रस्मों के समापन के बाद सूबे के पुलिस प्रमुख फौजदारी नाथ को शीश नाबते हुए अपने गंतव्य स्थान रामपुरहाट स्थित तारापीठ तीर्थस्थली के लिए रवाना हो गए।

### गोगो दीदी योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं : बीडीओ

**सरायकेला :** गोगो दीदी योजना को लेकर चांडिल के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सूचना जारी की है। ज्ञापांक 697 के तहत मंगलवार को जारी सूचना में उन्होंने कहा है कि चांडिल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम से 2100 रुपये प्रति महिला को लाभ देने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत चांडिल प्रखंड में गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है।

# पुलिस ने पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस-प्रशासन काफी चौकस है। शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रयासरत है। इसी कड़ी में मंगलवार को तालझारी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। तालझारी में थानाध्यक्ष अमर मिंज के नेतृत्व में एसआई अनील यादव, एसआई कन्हैया प्रसाद साह, एएसआई मनोज कुमार अजाद ने पुलिसबल के साथ फ्लैग मार्च कर आम जनता को प्रशासन की सजगता का संदेश दिया। थाना परिसर से निकाले गए फ्लैग मार्च में शामिल पुलिसकर्मी सकरिगली बासकोला, महाराजपुर, मिना बजार, एवं बेलदारचक चौक होते हुए वापस लौट गए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने मां दुर्गा देवी की प्रतिमा विसर्जन स्थल एवं पुजा पंडालों का निरीक्षण किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने आमलोगों से प्रेम व सद्भाव के साथ दशहरा मनाने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने लोगों से कहा कि त्यौहार को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष चौकसी बरती जा रही है। लोग किसी तरह के अफवाहों में न पड़ें। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न करें और न ही उसके चक्कर में पड़ें। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी स्तर पर अफवाह फैलाने अथवा किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चिप्स लदे हाइवा ने मारी पलटी बाल-बाल बच्चे ड्राइवर और खलासी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** बरहरवा फरक्का मुख्य पथ पर मंगलवार को बरहरवा थाना क्षेत्र में लालमाटी गांव के पास सुबह सबेरे चिप्स से लदे हाईवा संख्या जेएच 16 जे/7590 के पलटी मार देने से हाईवा का ड्राइवर तथा खलासी बाल बाल बच गए हैं। वहीं इस घटना में एक मकान के दीवार को थोड़ी बहुत नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब 4:00 बजे के आसपास रात में रोड पर एक जोरदार आवाज सुनाई दिया आवाज सुनकर जब स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि चिप्स से लदा हुआ एक 20 पहिया वाले हाईवा असंतुलित होकर रोड से नीचे लुढ़क कर पलटी मार दिया है एवं हाईवा के चालक एवं खलासी हाईवा के अंदर फस गया है।स्थानीय लोगों ने खलासी तथा ड्राइवर को किसी तरह से बाहर निकाल कर उसे प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया है।घटना की सूचना पाकर बरहरवा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे एवं दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस को आशंका है कि, शायद दुर्घटनाग्रस्त वाहन में क्षमता से अधिक चिप्स लोड रहने के कारण असंतुलित होकर यह वाहन पलटी मार दिया है।

## विश्व वन्यजीव सप्ताह पर बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंगलवार को भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के जलज परियोजना के तहत साहेबगंज जिला के जलज उत्सवी केंद्र, इस्कॉन मंदिर कन्हैया स्थान में 4 विद्यालय के बच्चों के साथ विश्व वन्यजीव सप्ताह-2024 मनाया गया। विश्व वन्यजीव सप्ताह के अवसर में बच्चों के बीच राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह चित्रकला प्रतियोगिता इस्कॉन मंदिर कन्हैया स्थान के परिसर में कराया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में साहेबगंज जिला के, उच्च विद्यालय महाराजपुर, उत्क्रमित उच्च विधालय मसकलैया, योगिचक जयरामपुर उच्च विद्यालय सरकंडा, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलहाट के कुल 80 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को विश्व वन्यजीव सप्ताह के उद्देश्य के विषय में बताया गाय। बच्चों को चित्रकला में पर्यावरण से संबंधित विषयों पर चित्र बनाने के लिए कहा गया ताकि बच्चों की रुचि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हों। चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में इस्कॉन मंदिर कन्हैया स्थान के कृष्णा कृपा शिंधु दास उपस्थित थे। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार गुप्ता, शिंटू मंडल,रूपेश कुमार चौरसिया, निलेश कुमार तिवारी , प्रीति कुमारी उपस्थित थे। भारतीय वन्यजीव संस्थान के जलज की ओर से विश्व वन्यजीव सप्ताह कार्यक्रम में बरूण कुमार मंडल, दीपक कुमार मंडल, अजीजुर रहमान कामदेव कुमार मंडल, राहुल कुमार मंडल, गौरव कुमार मंडल, हजारी कुमार मंडल उपस्थित थे। भारतीय वन्यजीव संस्थान के जलज सदस्यों के द्वारा बच्चों को जैव विविधता संरक्षण तथा गंगा संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया तथा कई महत्व पूर्ण जानकारी दिया गाय।
प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण से सम्बन्धित सुंदर चित्र बनाए।

## बोरियो में समुदाय संचालित प्रशिक्षण केंद्र का हुआ ऑनलाइन उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत बोरियो प्रखंड में पलाश के तत्वाधान में समुदाय संचालित प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। यह प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। इस केंद्र का संचालन बोरियो आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। सी एम टी सी. का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक और तकनीकी कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकें। इस अवसर पर मंत्री चौहान ने कहा, यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक और जिला वित्त प्रबंधक ने भी सखी मंडल की दीदियों को संबोधित किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मार्टिन तारीक ने अपने संबोधन में कहा, सी एम टी सी का उद्देश्य महिलाओं को कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है, और यह केंद्र महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक मजबूत पहल साबित होगा। जिला वित्त प्रबंधक ने वित्तीय समावेशन पर बल देते हुए कहा, सखी मंडल की दीदिया अब अपने स्वयं के व्यवसाय के लिए वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं का बेहतर उपयोग कर सकेंगी। सी एल एफ के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिलना सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनेंगी। कार्यक्रम में जे एस एल पी एस के बी पी एम, सी सी, पीआर पी, बी ए पी, सी एल एफ सदस्य और कैडर भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण केंद्र भविष्य में विभिन्न कौशल आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## लड़ाईटांड स्थित शहीद मैदान में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** राष्ट्र शहीद सम्मान समिति पटमदा व बोडाम की ओर से मंगलवार को पटमदा प्रखंड के कुमीर ग्राम स्थित लड़ाईटांड स्थित शहीद मैदान में श्रद्धांजलि सह स्मरणसभा का आयोजन हुआ। इसमें 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 8 अक्टूबर 1942 को ब्रिटिश शासन की गोली के शिकार हुए 6 वीर सपूतों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद बिद्युत बरण महतो व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस व सम्मानित अतिथि दुलाल भुईया आदि ने वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्र शहीद सम्मान समिति के अध्यक्ष पंचानंन दास की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री विद्युत वरण महतो ने कहा कि 1942 में कूमीर अंतर्गत भारत छोड़ो आंदोलन के शहीदों के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है साथ ही उन परिवारों को सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही । पुर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा की शहीदों के श्रद्धांजलि के साथ उनके परिजनों को सम्मानित करना जरूरी है। क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख और सामाजिक कार्य में मैं हमेशा तत्पर हूं। वही 1942 में जमशेदपुर के पहले सांसद रहे भजहरी महतो के नेतृत्व में आंदोलन के दौरान ब्रिटिश शासन द्वारा शहीद हुए लक्ष्मण महतो, मड़ीराम महतो,विप्र महतो, रतन माझी , जुडन मोदी एवं दुर्गा चरण सिंह के परिवार के आश्रितों को सांसद व पूर्व मंत्रियों तथा उपस्थित अतिथियों के हाथों शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त लाभुकों के खाते में भेजी गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय स्थित पिल्लई हॉल सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना तीसरी किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने की। कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की माता, बहनों के लिए दृढ़संकल्पित है। इसी का नतीजा है कि अब तक राज्य की 48 लाख महिलाओं को महिला सम्मान योजना से आच्छादित करने का सरकार का प्रयास सफल रहा है। और भी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। जब महिलाएं शिक्षित होंगी, परिवार और समाज शिक्षित होगा, महिलाएं सशक्त और स्वावलंबी होंगी तभी पूरा परिवार स्वावलंबी बनेगा। इस योजना को बेहतर तरीके से राज्य में लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का प्रयास प्रशंसनीय है। आने वाले दिनों में पूरे झारखंड का विकास हो,गांव के परिवेश में सुधार हो, इसके लिए मुख्यमंत्री दृढ़संकल्पित हैं। जब तक गांव का विकास नहीं होगा, राज्य का विकास संभव नहीं है। राज्य सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगी। राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण हेतु प्रतिबद्ध है। पश्चिम सिंहभूम जिले के लाभुकों के बीच झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त में 192537 लाभुकों के खाते में कुल 19,25,37000 रुपए का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, प्रशिक्षु आईएएस अर्णव मिश्रा, आईडीएआई डायरेक्टर जयदीप तिग्गा, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा खुशेंद्र सोनकेशरी, डीपीएम जेएलएसपीएस उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार लगा कर आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने उपस्थित सुभाष कुमार साह, मो० मक्सद अली, मेरी बास्की, रफीकुल इस्लाम, शंभु प्रसाद वर्मा, से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तृतीय किस्त वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**साहिबगंज :** सरकार के सचिव, रांची, झारखंड के निदेर्शानुसार आज उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत तृतीय किस्त वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन में जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना लाभुक महिलाएं उपस्थित थी।

### उपायुक्त ने अनुमंडल पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती ने साहेबगंज पोखरिया स्थित अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण किया। अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नियमित रूप से पत्रिका आदि क्रय करने तथा अतिरिक्त कमरे, बुक, रैक एवं शौचालय आदि बनाने के लिए प्रस्ताव सपर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया कि पुस्तकालय के लिए पुस्तकालय प्रबंधन समिति का गठन करे, जिससे समिति द्वारा पुस्तकालय का सुचारू रूप से संचालित करें। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद विद्यार्थियों से मुलाकात करते हुए उनसे उनकी समस्याएं भी जानी। बाद में उन्होंने टाउन हॉल का भी जायजा लिया । मौके पर नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, उपस्थित थे।

### 5 लाभुकों के बीच सुकर का किया गया वितरण

**कुकडू :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 5 लाभुकों के बीच सुकर का वितरण कुकडू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो ने संयुक्त रूप से किया। 5 सुकर पालकों के बीच 5-5 सुकर एवं पौष्टिक आहार व गमला आदि का वितरण किया गया। सुकर का देखभाल, पौष्टिक आहार, रखरखाव के संबंध में पशु पालन पदाधिकारी ने जानकारी भी दिया। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो ने कहा कि लाभुकों ने कहा कि सुकर पालकों द्वारा आवेदन दिया गया था, जिसमें आज 5 लाभूकों के बीच सुकर का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट में चार मादा और एक नर सुकर दिया गया है। कुल 5 लाभूकों को 25 सुकर दिया गया। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार एवं गमला ,दवा आदि दिया गया।लाभुको को सुकर पालन के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही इस दौरान लाभुकों को रख रखाव की जानकारी भी दी गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर, सुनील कुमार महतो,, धनराज महतो आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**साहिबगंज :** बरहरवा रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा-उधवा मुख्य सड़क पर मंगलवार की सुबह एक बाइक चालक दूर्घटना ग्रस्त हो गया। दुर्घटना में युवक का सर पर गंभीर चोटें लगी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी पंचायत के माधवापाड़ा गांव के राम बेसरा अपना घर से बरहरवा स्टेशन पर बाहर से आ रहे किसी रिश्तेदार को लाने के लिए गया था, वहां से वापस घर आ रहा था। जाने के क्रम में शमार्पुर मुख्य सड़क पर मोटरसाईकिल से अनियंत्रित होकर गिर कर बेहोश हो गया। जहां मोटरसाईकिल में इसका एक दोस्त भी साथ में बैठा था। उसने उनके परिजनों को फोन कर सूचना दिया। जहां आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों ने घायल को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और डॉक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने की स्थिति में घायल को भागलपुर रेफर कर दिया है। वहीं घायल के बारे में डॉ सारिता टुडू ने बताया कि घायल युवक का सर पर गंभीर चोटें लगी है। प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# नीतीश कुमार की जबतक सांसें होगी वो सीएम रहेंगे

## अनिरुद्धाचार्य बोले- बस बिहार में गौ हत्या बंद करनी होगी; महाराष्ट्र जैसे राज माता का दर्जा मिले

**समस्तीपुर।** 'नीतीश कुमार की जब तक सांसें रहेंगी वो मुख्यमंत्री बने रहेंगे, अगर वो बिहार में गौ हत्या बंद करवा देते हैं तो..। नीतीश बाबू को राज्य के सारे बूचड़खानों के लाइसेंस रद्द करने होंगे।' नीतीश कुमार के आजीवन सीएम रहने की गारंटी कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने दी है। उनका कहना है कि इसके लिए मुख्यमंत्री को बिहार में गौ हत्या बंद करवानी होगी। गाय को राज माता का दर्जा देना होगा और प्रदेश के सारे बूचड़खानों का लाइसेंस रद्द करना होगा। अनिरुद्धाचार्य महाराज ने ये बातें समस्तीपुर के सरायरंजन के उदयपुर में चल रहे भागवत कथा के तीसरी दिन कहीं। इस दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी वहां मौजूद थे। मंत्री विजय चौधरी से उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जिस तरह से गाय को सम्मान मिला है, उसी तरह आपको भी गाय को कटने से बचाना चाहिए। अनिरुद्धाचार्य महाराज की बातों का जवाब देते हुए विजय चौधरी ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री और उनकी सरकार गाय को माता मानती है। और उनकी बातों को वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास जरूर रखेंगे। अनिरुद्धाचार्य महाराज ने सीएम को कथा में आने का न्यौता भी दिया।उन्होंने मंच से

कहा कि महाराष्ट्र में पिछले दिनों हुए कथा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी कथा सुनने के लिए वहां पहुंचे थे। जहां उन्होंने महाराष्ट्र में गाय को राजमाता का दर्जा दिया और सभी बूचरखाने की लाइसेंस को रद्द कर दिया। अब वहां गाय माता का वध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने इसकी शुरूआत की है अब बिहार को भी ऐसा करना चाहिए। धीरे-धीरे दूसरे राज्य में भी होगा और ऐसा करके गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिल जाएगा। ताकि गाय हमारी राष्ट्र माता बन सके। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कथा के लिए आमंत्रित भी किया।कथा के दौरान अनिरुद्धाचार्य महाराज ने बिहार में बाढ़ की समस्या का समाधान भी सुझाया। बाढ़ से होने वाली तबाही का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ की विभीषिका को खत्म करने के लिए अगर सरकार बड़ी नदी को छोटी नदी से जोड़ती है तो हर साल होने वाली तबाही पर अंकुश लग सकता है। नदियों को जोड़ने के सवाल पर विजय चौधरी ने कहा कि उनकी सरकार पिछले दस सालों से इस दिशा में काम कर रही है।बता दें कि यह कथा पांच अक्टूबर से शुरू हुई है और 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस कथा में लोगों की भीड़ जुट रही है। खासकर

### 11 अक्टूबर तक चलेगी कथा

**बता दें कि यह कथा पांच अक्टूबर से शुरू हुई है और 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस कथा में लोगों की भीड़ जुट रही है। खासकर महिलाओं की संख्या अत्यधिक देखी जा रही है। सरायरंजन के अलावा विद्यापति नगर, पटोरी उजियारपुर, मोरवा , दलसिंहसराय समेत बड़ी संख्या में आसपास के प्रखंडों के लोग कथा का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए कथा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त किया गया है।**

महिलाओं की संख्या अत्यधिक देखी जा रही है। सरायरंजन के अलावा विद्यापति नगर, पटोरी उजियारपुर, मोरवा , दलसिंहसराय समेत बड़ी संख्या में आसपास के प्रखंडों के लोग कथा का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए कथा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त किया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### मस्जिद के पास युवक का मिला शव परिजनों को हत्या की आशंका,

**नालंदा।** बिहार शरीफ में मंगलवार की सुबह मस्जिद के पास एक युवक का शव मिला। मामला बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहाल मस्जिद के समीप की है। मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के कटरा पर निवासी कार्तिक राम के (26) वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतक के भाई नीतीश कुमार ने बताया कि सुबह शौच के लिए बिट्टू घर से बाहर गया था। आसपास के लोगों से पता चला कि भाई की हत्या कर दी गई है। जब मौके पर पहुंचे तब पाया कि नेहाल मस्जिद के पास तालाब में उसका भाई गिरा हुआ है। सिर पर गंभीर चोट हैं और गले में बैंडेज बंधा हुआ है। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि किसी ने पीछे से उस पर हमला किया और हत्या कर तालाब में फेंक दिया। फिलहाल हत्या के कारणों पर सस्पेंस बना हुआ है। परिजन किसी से किसी प्रकार की दुश्मनी से इनकार कर रहें हैं।युवक अपने भाई के साथ फास्टफूड की दुकान चलाता था। सदर अस्पताल आए परिवार वालों के चीख पुकार से पूरा परिसर गमगीन हो गया था। सदर डीएसपी वन ने बताया कि फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। सभी बिंदुओं पर बारिकी से जांच-पड़ताल की जा रही है। स्थिति सामान्य है। जल्द ही मामले का उद्वेदन कर लिया जाएगा।

### ब्राउन शुगर की लत में 2 युवकों ने लगाई फांसी

**नालंदा।** के दो अलग थाना क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में दो युवकों ने ब्राउन शुगर की लत की वजह से फांसी लगा खुदकुशी कर ली। बिहार थाना क्षेत्र का मामला है कि घर में ब्राउन शुगर के लिए 500 रुपए की डिमांड किया था। रुपए नहीं मिलने पर फांसी लगा खुदकुशी कर ली। इतना ही नहीं जिले में नशीले पदार्थों का धंधा बहुत तेजी से फैल रहा है। शौक से नशा करने वाले युवाओं की इसकी लत लग रही है। जिसके बाद वो कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। पिछले 3 वर्षों से ब्राउन शुगर,चरस जैसे नशीले पदार्थों का धंधा काफी तेजी से फैला है। धंधेबाज काफी चालाकी से छोटे बच्चों व महिलाओं से इसकी डिलीवरी करवा रहे हैं। जिससे पुलिस को शक ना हो। नशे की लत की वजह से गई जान के मामले को लेकर बात करें तो 29 सितंबर को चण्डी थाना क्षेत्र के बाजार इलाके का एक 24 वर्षीय युवक गौरव कुमार ने इसलिए खुदकुशी कर ली कि वह ब्राउन शुगर और ऑनलाइन गेम की लत में जकड़ गया था। जिसके कारण उसके ऊपर कर्ज का बोझ लद गया और उसने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा खुदकुशी कर ली। वहीं, अब बिहार थाना क्षेत्र के भैसासुर निवासी गरीबन प्रसाद के (22) वर्षीय पुत्र गोलू कुमार ने शनिवार की सुबह फांसी लगा खुदकुशी कर ली। उसने ब्राउन शुगर के लिए घर में 500 रुपए की डिमांड की थी। परिजनों ने बताया कि वह पिछले 3 सालों से ब्राउन शुगर का सेवन कर रहा था। इसके पहले भी वह कई बार ऐसी हरकत कर चुका था। गलत लोगों के साथ उसकी दोस्ती हो गई थी और वह अक्सर पैसे की डिमांड किया करता था। छोटे बच्चे और महिलाएं कर रही बिक्री नशे का कारोबार सिर्फ बिहार शरीफ में ही नहीं राजगीर और हिलसा अनुमंडल के साथ ग्रामीण इलाकों में भी तेजी से पांव पसार रही है। तस्कर छोटे बच्चों और महिलाओं से इसकी बिक्री करवा रहे हैं। बच्चे शहर में घूम घूम कर इसे बेच रहे हैं। ये ड्रग पेडलर ग्राहकों तक माल पहुंचा रहे हैं। जिससे पुलिस या किसी आम व्यक्ति को शक ना हो। वहीं, शहर का हिरण्य पर्वत, श्रम कल्याण केंद्र का मैदान, एनएच -20 के किनारे का इलाका या फिर शहर के वैसे स्थल जो सुनसान रहते हैं वहां नशेड़ियों ने अपना ठिकाना बना लिया है। ड्रग्स लेने वाले शाम होने का भी इंतजार नहीं करते है। इतना ही नहीं अब तो खुलेआम अस्पताल चौक पर भी ऐसी तस्वीर देखी जो सच में हैरान कर देने वाली है। जहां खुलेआम धरना स्थल के पास एक व्यक्ति सूखे नशे का सेवन करता हुआ देखा गया है। शहर में गौरागढ़, नईसराय, खंदकपर, रामचंद्रपुर, सिपाह, सोहसराय, शिवपुरी मोहल्ला, भैंसासुर जबकि यही हाल हिलसा और राजगीर अनुमंडल के मोहल्ले का है।

# इजराइली हमले के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

जमुई में सोमवार को शहर के कचहरी चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल के समक्ष फिलिस्तीन के एकजुटता के समर्थन में व इजरायल हमले के खिलाफ वामपंथी दलों के आह्वान पर एक दिवसीय धरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता सीपीआई जिला सचिव सुनील सिंह ने किया। जबकि मंच संचालन भाकपा माले नेता बाबू साहब सिंह ने किया। धरना को संबोधित करते हुए सीपीआई के वरिष्ठ नेता नवल किशोर सिंह ने कहा कि फिलिस्तीन पर लगातार जारी इजरायली हमले के एक साल पूरे हो रहे हैं। अब तक 42 हजार से ज्यादा बेगुनाह की जान जा चुकी हैं और करीब एक लाख लोग घायल है। नवल किशोर सिंह ने कहा कि अमरीका समेत अन्य साम्राज्यवादी देशों की मदद से आत्मरक्षा के नाम पर किया जा रहा यह एक खुला जनसंहार है। एक समूचे देश के वजूद को मिटा देने की कोशिश है।सीपीएम के नेता नागेश्वर महतो ने कहा कि युद्ध व मानवाधिकार से जुड़े तमाम अंतरराष्ट्रीय नियम, मान्यताएं व शांति अपील की धज्जियां उड़ती रही है। अब पेजर और संचार के अन्य तकनीक का भयानक इस्तेमाल करते हुए इजराइल ने लेबनान तक इस हमले का विस्तार कर दिया है। कुल मिलाकर जुल्म और अन्याय के एक भयानक दौर के हम गवाह हैं। माले नेता बासुदेव रॉय ने कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग सड़कों पर आकर न सिर्फ इसका विरोध करते हुए तत्काल शांति की मांग करते रहे हैं बल्कि अपनी सरकारों पर फिलिस्तीनी अवाम के पक्ष में खड़े होने का दबाव भी बनाते रहे है।

वाम दलों ने पूरी ताकत से सड़कों पर उतरकर इस जुल्म का विरोध दर्ज करते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग करने का देशव्यापी आह्वान किया है। साथ ही मोदी सरकार से यह मांग किया है कि इजराइल को हथियारों के निर्यात पर फौरन रोक लगाई जाए और शांति प्रक्रिया की हिमायत की जाए जिससे आजाद फिलिस्तीन अस्तित्व में आ सके।

मौके सीपीएम के जिला सचिव नोखेलाल सिंह, माले नेता मो हैदर, गजाधर रजक, मुरारी तुरी, नरेश यादव, अनिरुद्ध सिंह, बमदेव ठाकुर समेत दर्जनों महिला और पुरुष मौजूद थे।

### गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस पर हमला:झड़प में 5 पुलिसकर्मी और 5 ग्रामीण जख्मी

**समस्तीपुर।** में सोमवार रात पुलिस की टीम पर हमला हुआ। पुलिस गांव में वारंटी को पकड़ने गई। आरोपी को गाड़ी में बैठा ही रही थी कि परिजनों ने हमला कर दिया। पुलिस और उन लोगों के बीच झड़प हो गई। जिसमें 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके अलावा एक महिला समेत 5 ग्रामीण भी जख्मी हुए हैं। घायलों में आरोपी का बेटा कौशल शाह, इंद्रदेव कुमार, चंद्रमणि कुमार, उमाशंकर शाह और अंजली देवी शामिल है। सभी को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद नगर थाना, मुफस्सिल और मुसरीघरारी थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और महिला को छोड़कर सभी को गिरफ्तार कर ले गई। विरोध पर पुलिस ने पिटाई भी की। घटना मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर एलौथ गांव की है।एसपी संजय पांडे की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोमवार मुसरीघरारी थाने की पुलिस शराब मामले में वारंटी सत्यनारायण प्रसाद शाह को गिरफ्तार करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र हरपुर एलौथ गांव पहुंची थी। जहां उसे गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान वारंटी के बेटे और पत्नी ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजल अंसारी ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार करने जब पुलिस गई थी तो लोगों ने मिलकर पुलिस टीम पर हमला किया था जिसमें पांच पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसलिए गिरफ्तारी की गई।वारंटी के बेटे कौशल कुमार शाह ने कहा कि एक दिन पहले भी पुलिस पहुंची थी। वारंट की बात कह रही थी, लेकिन वारंट किस चीज का है इसके बारे में जानकारी नहीं दी।

आज फिर से पुलिस पहुंची और पिता सत्यनारायण साह को गिरफ्तार कर लिया। जब पूछा कि वारंट किस चीज का है, पर पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया। घर के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घर के पांच अन्य सदस्य घायल हो गए।

### दुर्गा मंदिर से घर लौट रही किशोरी से गैंगरेप

**समस्तीपुर।** में 15 साल की नाबालिग से 6 युवकों ने गैंगरेप किया। पीड़िता सोमवार को घर से एक किमी दूर दुर्गा मंदिर में संध्या आरती में शामिल होने गई थी। वहां से वो घर लौट रही थी, इसी दौरान बीच रास्ते में 6 युवकों ने उसे घेर लिया और सुनसान इलाके में ले गए।काफी देर तक पीड़िता घर नहीं लौटी तो परिजन खोजबीन करने लगे। इसी दौरान मंदिर और घर के बीच सुनसान जगह पर किशोरी बेहोशी की स्थिति में मिली। परिजन उसे घर ले आए। जिसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी दी। मामले की जानकारी उजियारपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। मामला उजियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

जिन युवकों ने किशोरी के साथ गलत काम किया है। उसे वो पहचान नहीं पा रही है।

दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि किशोरी दुर्गा मंदिर से घर लौट रही थी। इसी दौरान मनचलो ने इस घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। क्योंकि किशोरी किसी को पहचानती नहीं है।

किशोरी का मेडिकल कराने की तैयारी की जा रही है।

# बखरी दुर्गा स्थान में 600 वर्ष से हो रही पूजा

**बेगूसराय।** शक्ति, भक्ति और तंत्र साधना के प्रमुख स्थल बखरी पुरानी दुर्गा स्थान में सिर्फ नवरात्र ही नहीं, बल्कि अन्य दिनों में भी भक्तों की भारी भीड़ रोज उमड़ती है। प्रत्येक दिन हजारों लोग माता का पूजन करने के लिए आ रहे हैं। जादू टोने के लिए प्रसिद्ध बहुरा माता की धरती बखरी में नवरात्र का विशेष महत्व है। बखरी बाजार में स्थित तीनों दुर्गा मंदिर में लोगों की गहरी आस्था है, लेकिन बाजार के बीचों-बीच स्थित पुराने दुर्गा मंदिर को शक्तिपीठ का दर्जा प्राप्त है। कहा जाता है कि यहां सच्चे दिल से मांगी गई भक्तों की मन्नतें पूरी होती हैं। पुराना दुर्गा मंदिर की महिमा अपरंपार है। यह मंदिर तंत्र-मंत्र की सिद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए आसपास के राज्यों के साथ पड़ोसी देशों में भी प्रसिद्ध है।यहां हर वर्ष दूर-दूर से साधक आते हैं। जिन्हें तंत्र मंत्र की सिद्धि मिलती हैं। महाअष्टमी की रात देवी के महागौरी रूप की पूजा करने पर साधकों को तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्त होती है। महाअष्टमी को ही माता को छप्पन प्रकार का भोग लगाया जाता है। पूरे नवरात्र भर मंदिर को फूलों से सजाया जाता है। नवरात्रि के एक दिन पहले से ही यहां फूलों की सजावट की जाती है।विजयादशमी के दिन यहां कहार की ओर से की जाने वाली प्रतिमा विसर्जन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इस दिन शोभायात्रा भी निकाली जाती है। माता के भक्त नीलकंठ पक्षी को उड़ाकर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। महाआरती इस मंदिर की बड़ी विशेषता है। नवरात्र के 9 दिनों तक बनारस के अस्सी घाट के पंडितों को दुर्गा महाआरती के लिए बुलाया गया है। पुरोहित अभय शर्मा, शिव ओम शुक्ला, दिव्यांशु पांडेय, वैभव तिवारी एवं सत्यम झा की टोली की ओर से गंगा आरती की तर्ज पर दुर्गा आरती आचार्य तरुण तिवारी के नेतृत्व में कर रहे हैं। पुरोहित जब मंदिर परिसर में

सामूहिक आरती शुरू करते हैं तो पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में गूंज उठता है। महाआरती को देखने हजारों की भीड़ लग रही है।मंदिर के संबंध में कहा जाता है कि यहां देवी दुर्गा की पूजा सैकड़ों वर्षों से हो रही है, लेकिन कब से हो रही है, इसका कोई सटीक प्रमाण नहीं है। कहा जाता है कि मुगल काल के पहले से ही यहां मां दुर्गा की पूजा हो रही है। जबकि कुछ लोगों और समिति के अनुसार मध्य प्रदेश के धार नगरी के राजाओं ने माता की पूजा शुरू की थी। तब परमार वंशीय राजाओं ने यहां मां दुर्गा की अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित की थी।

लेकिन कालांतर में मूर्ति की चोरी हो गई। माता हमेशा विराजमान रहती हैं मंदिर के पुजारी अमरनाथ पाठक कहते हैं कि यहां माता हमेशा विराजमान रहती हैं। यहां से माता का कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं जाता। इस मंदिर में निःसंतान दंपतियों की मन्नतें मां दुर्गा पूरी करती हैं। महाअष्टमी की रात यहां मां के हाथ पर फूल दिया जाता है। यह फूल भक्तों की आराधना के कुछ समय बाद स्वयं गिर जाता है। जो भक्तों की मुरादें पूरी होने का सूचक होता है। इसके लिए यहां लोगों की काफी भीड़ जमा होती है। महिलाएं अपनी मुरादें पूरी करने के लिए माता के दरबार में आती हैं, उन्हें चढ़ावा देती हैं और खोईंछा भरती हैं। अष्टधातु की दुर्गा प्रतिमा स्वरूप लेकर चले थे समिति के सचिव तारानंद सिंह कहते हैं कि हम लोग के वंशज धार नगर से अष्टधातु की दुर्गा प्रतिमा स्वरूप लेकर चले थे। जहां-जहां रुके, साथ रखकर पूजा-पाठ किया, अंत में बखरी आकर रुक गए। रुकने के बाद इनकी स्थापना कितना दिन पहले हुआ यह तो कोई साक्ष्य नहीं है। लेकिन 600 वर्ष से अधिक की बात है। हमारे ही एक वंशज सहरसा कमिश्नरी के भोटिया में बस गए और मूर्ति चोरी करके ले गए।

स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।

# कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस होगी लाखों में इनकम

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

## इवेंट फोटोग्राफर

फोटोग्राफर बनने के लिए बस आपको एक कैमरे की जरूरत होती है जो कि 50 हजार से कम कीमत में कहीं से भी ले सकते हैं। इस काम के लिए आपके भीतर जुनून और किसी भी चीज की खूबसूरती देखने और उसे कैमरे में कैद करने का हुनर होना जरूरी है। लोगों के फैमिली फंक्शन, शादी, बर्थडे पार्टी, सोसाइटी के कार्यक्रमों आदि में फोटोग्राफर की डिमांड होती है। किसी भी इवेंट को यादगार बनाने के लिए फोटोग्राफी जरुरत बन गई है। ऐसे में आप फोटोग्राफी के जरिए अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लाइंट को ढूंढना होगा और उनको डील करानी होगी।

## ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।

## आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

## मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ातरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।

# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल

**आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।**

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखे

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है।

नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।

## ऐसा होना चाहिए ट्विटर अकाउंट

मार्केटिंग के क्षेत्र में उम्मीदवार के ट्विटर अकाउंट को देखने का चलन है। इससे पता चल जाता है कि उम्मीदवार का नेटवर्क कैसा है। ट्विटर प्रोफाइल को पब्लिक नहीं, प्रोफेशनल बनाएं। अपने करियर क्षेत्र से जुड़े ट्वीट डालें और फॉलो करें। अगर किसी कंपनी में सीनियर पोस्ट के लिए जा रहे हों तो 60 फीसदी ट्वीट आपकी इंडस्ट्री से जुड़े होने चाहिए।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम ने ग्वालियर में हुआ पहला टी20 आसानी से जीत लिया था। अब मेजबान टीम का लक्ष्य अपनी जीत के सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम बांग्लादेश भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी पर उसके लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम अब तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी में उसे कहीं आगे रही है।

प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बाद भी भारतीय टीम ग्वालियर में पहले मैच में अंत तक हावी रही। इससे भारतीय टीम की मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ का पता चलता है। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

सैमसन आमतौर पर मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं पर पहले मैच में उन्होंने पारी की शुरुआत की थी। वह 19 गेंद पर 29 रन ही बनाकर आउट हो गये थे। वहीं कप्तान सूर्यकुमार का कहना है कि सैमसन सीरीज में आगे भी पारी की शुरुआत करेंगे। वहीं सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को आराम दिए जाने के कारण सैमसन और अभिषेक को खेलने का अवसर मिला है जिसका ये दोनो ही पूरा लाभ उठाना चाहेंगे।

भारतीय टीम में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। अपना पहला मैच खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने ग्वालियर में शानदार प्रदर्शन किया था और ऐसे में वह टीम में बने रहेंगे। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने तेज गेंदबाजी की कमान संभाली थी जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने तीन साल के बाद शानदार वापसी की थी। इसके अलावा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी अपनी जगह

पक्की करना चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की बात करें तो उसे जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में उसके बल्लेबाज विफल रहे थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने भी मैच के बाद स्वीकार किया था कि उनके बल्लेबाज रन नहीं बना पाये पर कहा कि इस मैच में उसकी टीम वापसी के सभी प्रयास करेगी।

## टीम

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी/तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव

**बांग्लादेश** = नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान),तंजीद हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम

# भारत/ऑस्ट्रेलिया: हरवंश पंगालिया का शतक, भारत के पहली पारी में 492 रन

**चेन्नई (एजेंसी)।** हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाए।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया।

इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पांड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ'कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया।

दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा, ओली पैटरसन, क्रिश्चन होवे और लैकलन रानाल्डो ने दो-दो विकेट लिए जबकि विश्वास रामकुमार और रिले किंग्सेल को एक-एक विकेट मिला।

# वे उसे बाहर कर देंगे, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने संजू सैमसन को दी चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन 9 साल पहले 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बावजूद फिर से भारतीय क्रिकेट टीम में स्थायी स्थान पाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। खेल के सबसे छोटे प्रारूप से विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाने का फैसला किया है। ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की। सैमसन ने अपनी टाइमिंग और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 19 गेंदों पर 29 रन बनाए, लेकिन जल्दी आउट होने के कारण वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने आगामी मैचों में निरंतरता की आवश्यकता पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि अगर सैमसन अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उन्हें बाहर किया जा सकता है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'वह अच्छा है। उसने 29 रन बनाए। मेरी एकमात्र बात यह थी कि चूंकि वह यहां तक पहुंच गया है, इसलिए उसे थोड़ा और आगे बढ़ना चाहिए। उसे कुछ और रन बनाने चाहिए क्योंकि अन्यथा, वे उसे छोड़ देंगे। वह अंदर-बाहर (साइड से) और ऊपर-नीचे (बल्लेबाजी क्रम) होता रहता है।' चोपड़ा ने ग्वालियर में मैच के दौरान सैमसन के शॉट-मेकिंग में उनकी शान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'आपको संजू सैमसन के बारे में बात करने की जरूरत है। अभिषेक शर्मा रन आउट होने तक आश्चर्यजनक रूप से अच्छा खेल रहे थे, लेकिन संजू ने कितना अच्छा खेला? गौतम गंभीर ने बहुत पहले कहा था कि अगर संजू सैमसन भारत के लिए नहीं खेलते हैं, तो यह भारत का नुकसान है। उन्हें ओपनिंग करने के लिए बनाया गया था। उनका शानदार टच देखा गया। वह गेंद को जोर से नहीं मार रहे थे; ऐसा लग रहा था कि वह गेंद को चोट नहीं पहुंचाना चाहते थे और वह एक के बाद एक चौके लगा रहे थे।'

# टी20 महिला विश्वकप : श्रीलंका के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ जीत से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप के ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच को बड़े अंतर से जीतना चाहेगी। भारतीय टीम का रन रेट अब तक अन्य टीमों से कम है जिससे वह इसे बढ़ाने पूरी ताकत लगा देगी।

भारतीय टीम बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रनों से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे 18.5 ओवर खेलने पड़े। ऐसे में टीम को उम्मीद रहेगी कि शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना इस मैच में अधिक से अधिक रन बनायें।

शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। इससे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ गया। वहीं अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर भी गर्दन में दर्द के कारण बाहर है। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ उनका खेलना तय नहीं है।

हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा था। ऐसे में अब जेमिमा रोड्रिग्स,

दीप्ति शर्मा और रिचा घोष को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल लिए थे पर। अन्य तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर को भी इस मैच में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। वहीं भारतीय टीम स्पिनर दीप्ति शर्मा पर बहुत अधिक निर्भर है पर वह टूर्नामेंट में अभी तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पायी हैं। वहीं युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर आशा शोभना ने भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में भारतीय टीम को जीत के लिए हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वहीं श्रीलंका की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीती है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में बड़ी जीत दर्ज कर वापसी करना रहेगा। एशिया कप फाइनल में उसने भारतीय टीम को हराया था और वह एक बार फिर उसे दोहराना चाहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत=** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल , सजना सजीवन

**श्रीलंका=** चमारी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी , इनोका रणावीरा।

# मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर जाने जाते हैं वरुण

नई दिल्ली। मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती ने भारतीय टीम में शानदार वापसी की है। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच में 31 रन देकर 3 विकेट लिए और बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वरुण की लेग स्पिन गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये। वरुण ने पहले साल 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एक मैच विश्वकप में खेला था। वरुण खेल के साथ ही पढ़ाई में भी आगे रहे। वह आर्किटेक्ट हैं पर क्रिकेट के जुनून के कारण

उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। उन्होंने चेन्नई के एक कॉलेज से आर्किटेक्चर में डिग्री हासिल की और बतौर फीलांस आर्किटेक्ट नौकरी करने लगे थे पर उनका मन क्रिकेट से दूर नहीं रह पाया और सब कुछ छोड़कर वह खेल में उतर गये। वरुण ने तीन तक टीम में वापसी के लिए खास संघर्ष किया। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की। वरुण ने 13 साल की उम्र में क्रिकेट में खेलना शुरू किया था। 17 साल की उम्र तक वरुण विकेटकीपर के तौर पर खेलते रहे। शुरुआत में वह टेनिस गेंद से क्रिकेट खेलते थे। उसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाजी शुरु की पर चोटिल होने के कारण वह फिर वह स्पिन गेंदबाजी करने लगे। वरुण को रहस्यमयी स्पिनर इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनकी सभी छह गेंदें अलग अलग तरह की होती हैं। वह लेग ब्रेक, ऑफ ब्रेक, गूगली, कैरम बॉल, फ्लिपर, यॉर्कर और स्पिन भी करते हैं। वरुण ने अब तक 7 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 विकेट लिए हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु की ओर से खेलते हैं। इस स्पिनर ने साल 2018 में तमिलनाडु की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था।

# हॉकी इंडिया लीग भारतीय हॉकी की तस्वीर बदल सकती है: सलिमा टेटे

**बेंगलुरु। (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) युवा खिलाड़ियों के करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम के लिए मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' (टीम के वैकल्पिक खिलाड़ी) बनाने में मदद करेगी। इस साल के आखिर में शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित लीग की सात साल बाद वापसी हो रही है।

नए स्वरूप में एचआईएल में महिलाओं की अलग स्पर्धा पहली बार आयोजित होगी जो पुरुष प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। यह लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो आयोजन स्थलों रांची (महिला) और राउरकेला (पुरुष) में खेली जाएगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ तो महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें शिरकत करेंगी।

सलीमा ने कहा, 'मैं एचआईएल के लिए

बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद दोबारा शुरू हो रहा है और इस बार इसमें महिला लीग भी है। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना बढ़िया अवसर है। हमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों से मिलने, उनके साथ और उनके खिलाफ खेल कर बेहतर होने का मौका मिलेगा।'

उन्होंने कहा, 'इससे युवा खिलाड़ियों को भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की दिनचर्या से खेल को बेहतर समझने का मौका मिलेगा। करियर की शुरुआत में ही दबाव वाले पेशेवर माहौल में रहना उनके विकास के लिए अच्छा होगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि एचआईएल टीम से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद होगा जो उन्हें शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खुद को निखारने का मौका देगा।'

इस लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइजी को 24 खिलाड़ियों वाली टीम बनानी होगी जिसमें कम से कम 16 भारतीय (चार जूनियर खिलाड़ी अनिवार्य) और आठ अंतरराष्ट्रीय (विदेशी) खिलाड़ी शामिल होंगे। सलीमा ने कहा, 'नीलामी जल्द ही होने वाली है और शिविर में इसे लेकर काफी हलचल है। यह पहला सत्र है लिहाजा मैं रांची टीम के लिए ही खेलना पसंद करूंगी।' उन्होंने कहा, 'इस लीग में खेलने का अनुभव शानदार होगा। हम पहली बार बिल्कुल नई टीम, नए कोच, नए साथी खिलाड़ियों के साथ खेलेंगे और मुझे हॉकी इंडिया लीग के शुरू होने का इंतजार है।'

# आईसीसी ने आचारसंहिता उल्लंघन के लिए अरुंधति को फटकार लगायी

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को कड़ी फटकार लगायी है। अरुंधति पर पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप में आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा था। तेज गेंदबाज अरुंधति ने पाकिस्तान की निदा डार को आउट करने के बाद आक्रामकता दिखाने पर हुए निदा को पेवेलियन जाने का इशारा किया था। आईसीसी ने इससे आचार संहिता के खिलाफ बताया। अरुंधति ने पाक के खिलाफ मुकाबले में तीन विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईसीसी के एक बयान के मुताबिक, '' अरुंधति को खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी आचार संहिता तोड़ने का दोषी पाया गया है। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों' का उपयोग करने को लेकर है जिस अपमानजनक मानकर आउट होने वाला बल्लेबाज भड़क सकता है। '' अरुंधति को एक नकारात्मक अंक भी मिला है। यह 24 महीने के दौर में उनका पहला अपराध है।'' अरुंधति पर आरोप मैदानी अंपायर एलोइस शेरिडन और लॉरेन एजेनबैग के साथ तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर क्लेयर पोलोसाक ने लगाया थे। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार के अलावा मैच फीस की 50 फीसदी रकम और एक या दो नकारात्मक अंक शामिल हैं।

## हरमनप्रीत महिला टी20 रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचीं, स्मृति मंधाना को हुआ नुक्सान

दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर संयुक्त 12वें स्थान पर पहुंच गईं। हरमनप्रीत के साथ 12वें स्थान पर काबिज श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा के भी 610 रेटिंग अंक हैं। वहीं स्मृति मंधाना एक पायदान गिरकर पांचवें स्थान पर तो जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान गिरकर 20वें स्थान पर आ गईं। दूसरी ओर गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर 29वें स्थान पर आ गईं। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। यह रैंकिंग संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे टी20 विश्व कप के दौरान जारी की गई।

# दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें हारी

दुबई । दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला टीमों को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। पुरुष टीम को जहां दुबई में हुए एकदिवसीय मुकाबले में नई टीम आयरलैंड ने 69 रनों से हरा दिया। वहीं महिला टीम को शारजाह में हुए टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने हरा दिया। पुरुष टीम की बात करें तो जेसन स्मिथ ने 93 गेंद पर 91 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। वहीं महिला टीम को टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम से मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही 125 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार महिला टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने ग्रुप बी में दूसरी जीत दर्ज करते हुए 4 अंक हासिल किये। आयरलैंड की पुरुष टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 284 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 46.1 ओवर में 215 रन ही बना पायी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 285 रन का पीछा करते हुए जल्दी-जल्दी विकेट खो दिये। केवल स्टीवन स्मिथ की 93 गेंद पर 91 रन बना पाये।

# मुम्बई के 15 वीं बार ईरानी कप जीतने पर एमसीए ने दिया एक करोड़ रुपये का इनाम

मुम्बई । अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुम्बई ने शेष भारत को हराकर 15 वीं बार ईरानी कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है। मुंबई के लिए ये जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि ये उसे 27 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली है। इसी खुशी में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उसे एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया है। रहाणे ने अपनी टीम की जीत का श्रेय टीम के मिलजुलकर किये प्रयासों को दिया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने को कहा गया था जिससे वह आत्मविश्वास' से भरे हुए थे। मुंबई ने पिछले हफ्ते लखनऊ में पहली पारी की बढ़त के आधार पर शेष भारत को पीछे कर 27 साल के बाद ये टूर्नामेंट जीता है।

# ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसले के पिता 2 करोड़ की पुरस्कार राशि से नाखुश, रखी ये बड़ी मांगे

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसले के पिता सुरेश कुसले ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित 2 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलने से नाखुश हैं। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अपने राज्य के ओलंपिक पदक विजेताओं को इससे कहीं अधिक राशि देता है। स्वप्निल ने ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीता था। वह महाराष्ट्र के कोल्हापुर के रहने वाले हैं। सुरेश कुसले ने सोमवार को कोल्हापुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनके बेटे को 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए।

सुरेश कुसले ने कहा, 'हरियाणा सरकार अपने प्रत्येक (ओलंपिक पदक विजेता) खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपए देती है (हरियाणा स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपए और कांस्य विजेता को 2.5 करोड़ रुपए देता है)।' उन्होंने पूछा, 'महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित नई नीति के अनुसार, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपए मिलेंगे। राज्य ने ऐसे मानदंड क्यों बनाए हैं, जबकि स्वप्निल 72 वर्षों में महाराष्ट्र से केवल दूसरे व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता (1952 में पहलवान केडी जाधव के बाद) थे?'

भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह पदक जीते जिनमें से पांच व्यक्तिगत थे। पांच व्यक्तिगत पदक विजेताओं में से चार हरियाणा और एक महाराष्ट्र से था। दोनों राज्यों में पुरस्कार राशि में अंतर की तुलना करते हुए सुरेश कुसले ने कहा कि महाराष्ट्र की तुलना में हरियाणा बहुत छोटा राज्य होने के बावजूद अपने पदक विजेता एथलीटों को अधिक पुरस्कार राशि देता है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार ने स्वर्ण पदक विजेता के लिए 5 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता के लिए 3 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेता के लिए 2 करोड़ रुपए की घोषणा की है। ऐसे मानदंड क्यों हैं, जबकि महाराष्ट्र के केवल दो खिलाड़ियों ने इतने वर्षों में व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीते हैं?'

उन्होंने कहा, 'अगर मुझे ऐसा पता होता तो मैं उसे किसी अन्य खेल में अपना करियर तलाशने के लिए राजी कर लेता। क्या स्वप्निल के साधारण पृष्ठभूमि से होने के कारण पुरस्कार राशि कम रखी गई है? अगर वह विधायक या मंत्री का बेटा होता तो क्या पुरस्कार राशि इतनी ही रहती?' इसके अलावा, सुरेश कुसाले ने पुणे में खेल परिसर में 50 मीटर थ्री-पोजिशन राइफल शूटिंग क्षेत्र का नाम अपने बेटे के नाम पर रखने की भी मांग की।

अपनी मांगों के बारे में पूछे जाने पर सुरेश कुसले ने कहा, 'स्वप्निल को पुरस्कार के रूप में 5 करोड़ रुपए, बालेवाड़ी खेल स्टेडियम के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए ताकि वह आसानी से अभ्यास के लिए आ-जा सके। स्वप्निल के नाम पर 50 मीटर थ्री-पोजिशन राइफल शूटिंग क्षेत्र रखा जाना चाहिए।' पेरिस में स्वप्निल की

उपलब्धि के बाद निशानेबाज को उसके नियोक्ता सेंट्रल रेलवे ने पदोन्नत किया और उसे विशेष ड्यूटी पर अधिकारी नियुक्त किया। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों सहित प्रमुख खेल आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना करने की घोषणा की।

## गांधीधाम के निकट से 120 करोड़ की कोकीन के 10 पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद

अहमदाबाद ।गुजरात में फिर एक बार नशीले पदार्थ के नशीले पैकेट बरामद हुए हैं। कच्छ के गांधीधाम के निकट तालाब के किनारे पर झाड़ियों में छिपाए गए कोकीन के 10 पैकेट बरामद हुए हैं। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। कच्छ पूर्व के एसपी सागर बागमर के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर गांधीधाम बी डिवीजन पुलिस ने खारीरोहर सीमा स्थित तालाब के निकट बबूल की झाड़ियों के बीच से कोकीन के 10 पैकेट बरामद किए हैं। बरामद हुई 12 किलोग्राम कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत रु. 120 करोड़ होती है। घटना स्थलसे समुद्र की खाड़ी केवल डेढ़ किलोमीटर दूर है। आशंका है कि किसी तस्कर के जरिए कोकीन यहां तक लाई गई होगी। इससे पहले 4 जून 2024 को खारीरोहर से कंडला की ओर जानेवाले रोड पर बबूल की झाड़ियों के बीच से 13 किलो कोकीन के पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद की गई थी। इसके अलावा 28 सितंबर 2023 को गांधीधाम पुलिस ने यहां से कुछ दूरी पर मीठीरोहर सीमा से 800 करोड़ रुपए कीमत की 80 किलो कोकीन बरामद की थी। इस प्रकार बीते एकसाल में एक पट्टी से 105 किलोग्राम जितनी कोकीन के लावारीस पैकेट बरामद किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि बरामद किए गए पैकेट आखिर कौन फेंक गया, इसकी कोई जानकारी नहीं है। इन घटनाओं को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। शक्तिसिंह गोहिल ने अपने ट्वीटर पर लिखा 'गुजरात के कच्छ जिले में 12 किलोग्राम कोकीन से भरे 10 पैकेट बरामद हुए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपए है। युवाओं को बर्बाद करने वाली कोकीन लगार गुजरात में बरामद हो रही है। क्या भाजपा सरकार को इसकी चिंता नहीं है? क्या इसका ही विकास करने की भाजपा ने शपथ ली है?'

## पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने लाओस जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने 10 से 11 अक्टूबर तक लाओस जाएंगे। मोदी लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर लाओस दौरे पर जा रहे हैं। सिफांडोन आसियान के वर्तमान अध्यक्ष हैं। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का इस साल एक दशक पूरा हो रहा है। एक बयान में कहा गया है कि आसियान के साथ संबंध एक्ट ईस्ट नीति और भारत-प्रशांत दृष्टिकोण का एक केंद्रीय स्तंभ हैं। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के जरिए से भारत-आसियान संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेगा और भविष्य की दिशा तय करेगा। बयान में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी के द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

## मकान में बन रहे थे पटाखे, पुलिस ने तीन लाख के पटाखे किए जब्त, दो गिरफ्तार

हापुड़। हापुड़ के थाना देहात पुलिस ने एक मकान पर छापा मार कर तीन लाख रुपए के पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में पटाखे, 109 किलो विस्फोटक व पटाखे बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अभी तक यह जानकारी नहीं मिली है कि पटाखों के लिए विस्फोटक कहां से मंगवाया गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला इंद्रगढ़ी रेलवे फाटक के पास स्थित एक मकान में कुछ लोग पटाखे बना रहे हैं। सूचना के बाद वह टीम के साथ मकान पर पहुंचे और छापा मारा।

## आधुनिक स्पर्श और त्यौहार की भावना का शानदार मिश्रण है एचएंडएम का नया फेस्टिव कलेक्शन

**जयपुर** : त्यौहारों को विशेष बनाते हुए, एचएंडएम ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए एक शानदार फेस्टिव कलेक्शन पेश किया है। त्यौहार की भावना और आकर्षण को बढ़ाने वाले इस बेमिसाल कलेक्शन में स्टाइलिश महिलाओं के लिए एक से बढ़कर एक ओकेशन वियर और पुरुषों के लिए स्पेशल वियर की शानदार रेंज शामिल है। इस सम्पूर्ण कलेक्शन को त्यौहार को जीवंत बनाने, भीड़ से अलग दिखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। एचएंडएम की कॉन्सेप्ट डिजाइनर इलियाना मसगालोस कहती हैं, 'हमारा दृष्टिकोण फेस्टिव सीजन के लिए कुछ रोमांचक और विशिष्ट बनाना है, ताकि अपने ग्राहकों को एक ऐसा कलेक्शन पेश कर सकें, जो न सिर्फ स्टाइलिश और आधुनिक हो, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के व्यक्तित्व को सबसे अलग ढंग से निखारने में भी मदद करे। महिलाओं के कलेक्शन में शो-स्टॉपिंग सिल्हूट्स विशेष आकर्षण जोड़ते हैं। इसमें गॉडेस-लाइक ड्रेसेस, स्कर्ट, ट्रांसपेरेंट ब्लाउज और पार्टियों के लिए उपयुक्त सेक्विन ड्रेसेस, बोल्ड और स्कलप्चरल ज्वेलरी शामिल हैं। फैब्रिक की अधिकतम मात्रा, ड्रेप्ड, नोटेड और आकर्षक कट्स इस कलेक्शन को त्यौहार के अनुकूल बनाते हुए इसमें जीवंत भावना जोड़ते हैं। वहीं, बोल्ड फ्लोरल प्रिंट और क्रीम, मेटालिक्स और गहरे लाल बेरी रंगों का चमकदार पैलेट इस कलेक्शन को और भी अधिक समृद्ध बना देता है। वहीं दूसरी तरफ, मेन्सवियर कंटेम्परारी एलिगेंस के साथ हेरिटेज कोड्स और शिल्प कौशल का नायब मिश्रण पेश करता है। क्लासिक सार्टोरियल कट्स को लक्जरी निटवेअर और प्लीटेड पैंट के साथ जोड़ा गया है। इसमें खूबसूरत बटन-डाउन जैकेट, ब्लेजर और ओवरकोट शामिल हैं। ड्रैप और साटन की चमक वाले फैब्रिक्स इस कलेक्शन के न्यूट्रल टोन में जान डालने का काम करते हैं।

# हरियाणा जीत की धमक महाराष्ट्र पहुंची... उद्धव सीएम चेहरा का समर्थन देने को तैयार

मुंबई (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम आ चुका है। बीजेपी ने जोरदार ढ़ग से सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने स्पष्ट बहुमत पाकर एग्जिट पोल और राजनीतिक पंडितों के सारे आंकड़ों और गणनाओं को फेल साबित किया है। अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश को सबसे ज्यादा सांसद देने वाला राज्य है, इसके बाद यहां होने वाले विधानसभा चुनाव का महत्व काफी बढ़ जाता है। हरियाणा चुनाव परिणाम की धमक महाराष्ट्र पहुंच भी चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए चेहरे का समर्थन करुंगा। यूबीटी नेता ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह अपने सहयोगी दलों की ओर से तय किसी भी चेहरे का समर्थन करने को तैयार है।

मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है।

उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी के घटक दलों (कांग्रेस और एनसीपी (एसपी)) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए किसी भी दावेदार का मैं समर्थन करुंगा। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब उद्धव ने यह बात कही है। इसके पहले भी वे सीएम फेस को लेकर अपने मन की बात कह चुके हैं। दूसरी तरफ, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार पहले भी इस पर अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर चर्चा होगी। विधानसभा चुनाव परिणाम में आने वाली सीटों के आधार पर यह तय होगा।

ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किसी भी चेहरे का समर्थन करुंगा। इस मौके पर उन्होंने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर फेक नैरेटिव फैलाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने 'लड़की बहिन' स्कीम पर निशाना साधा। इस योजना के तहत योग्य महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

उद्धव लगातार मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसके पहले अगस्त में भी उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) को सीएम उम्मीदवार घोषित कर देना चाहिए। साथ ही कहा था कि ज्यादा सीट हासिल करने वाल सहयोगी दल के नेता ही मुख्यमंत्री बनेगा, यह लॉजिक कारगर नहीं होगा।

## मालीवाल का केजरीवाल पर तंज... अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे?

नई दिल्ली । हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी है। रुझानों में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और वह राज्य की 90 में से 47 सीट पर आगे है जबकि कांग्रेस 38 सीट पर आगे है। वहीं आम आदमी पार्टी को हरियाणा में निराशा मिली है। अब पूरे मामले को लेकर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप पार्टी पर तंज कसा है। मालीवाल ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस से बदला लेने के लिए हरियाणा में उतरे। मुझपे बीजेपी एजेंट होने के झूठे आरोप लगाए, खुद आज इंडिया गठबंधन से गद्दारी करके कांग्रेस की वोट काट रहे हैं! अरे सब छोड़ो, विनेश फोगाट तक को हराने के लिए प्रत्याशी उतारा। राज्यसभा सांसद स्वाती ने पूछा कि क्यों ऐसा हाल आ गया है कि अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे? अभी भी वक्त है, अहंकार छोड़ो, धुंधली आँखों से पर्दा हटाओ, ड्रामा बंद कर जनता के लिए काम करो। बता दें कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में भी बड़ा दांव खेला था और 90 में से 88 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन लगता है कि हरियाणा के लोगों को आप रास नहीं आई।

## छत्तीसगढ़ में असम जैसी बनेगी एंटी नक्सल पॉलिसी

**-राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार लाएगी नई नक्सल नीति**

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल नीति असम जैसी ही होगी। इसका अध्ययन करने के लिए गृहमंत्री विजय शर्मा असम गए थे। उन्होंने वहां अधिकारियों से उग्रवादियों के आत्मसमर्पण और पीड़ित परिवारों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अक्टूबर के अंत तक या 1 नवंबर को राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार नई नक्सल नीति लाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में मीटिंग के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को यह जानकारी दी है। दोनों नेताओं के बीच यही बात हुई कि कैसे तय टारगेट मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सली खत्म हो जाए। नक्सल नीति को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की योजना का फायदा सरेंडर करने वाले नक्सलियों और हिंसा पीड़ित परिवारों को मिलेगा। आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है। उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा में जुड़ो। आत्मसमर्पण करने वालों को अच्छी सुविधाएं दी जाएं। गृह मंत्री विजय शर्मा भी असम गए थे। पुनर्वास नीति वहां कैसी है यह देखा गया। नक्सली गोलीबारी की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें। उनको प्रधानमंत्री आवास से लेकर रोजगार तक देंगे। मैं हाल ही में बीजापुर गया था, वहां 70 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जो नक्सल पीड़ित परिवार के लोग थे, उन्हें नौकरी दी गई है।

### नक्सलियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक बढ़ेगी

अमित शाह और सीएम साय की बैठक में संकेत मिले हैं कि, घुसकर मारने वाला एक्शन छत्तीसगढ़ पुलिस जारी रखेगी। जिस तरह सेना ने पाकिस्तान के एरिया में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया, वैसे ही यहां स्थानीय पुलिस और पैरा-मिलिट्री फोर्स नक्सलियों के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई करेगी। प्रदेश सरकार की ओर से अमित शाह को बताया गया कि, हमारी सरकार ने डिफेंसिव नीति को बदलकर आक्रामक नीति अपनाई है। आने वाले दिनों में दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंप खोले जाएंगे। यह कैम्प वहां होंगे, जो गांव नक्सलियों का इलाका माना जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र से कहा कि, यह स्ट्रैटजी इसलिए है, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

### बीजेपी की जीत के बाद अमित शाह का राहुल पर वार

## विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को जनता ने सिखाया सबक

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल करती हुई दिख रही है। वहीं, कांग्रेस काफी पीछे रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में भाजपा की यह प्रचंड जीत किसानों, गरीबों, पिछड़ों, जवानों और युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अटूट विश्वास की जीत है।

भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चाहे केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी जी का चुनकर आना हो या हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में बार-बार भाजपा सरकार का बनना, यह दर्शाता है कि भारतीय राजनीति में मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रदर्शन की राजनीति के नए युग की शुरुआत की है, उसमें जनता का अटूट विश्वास है।पहले लोकसभा चुनाव में और अब हरियाणा में, वोट लेने के लिए झूठे और हवाई वादे करने वाली कांग्रेस को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और जमीन पर डिलीवर करने वाली भाजपा के साथ जनता चट्टान की तरह खड़ी है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा कि हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की यह निरंतर विजय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित कल्याणकारी नीतियों पर जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश दर्शाता है कि कांग्रेस की विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति को हरियाणा की जनता ने सिरे से नकारा है। प्रदेश में पहली बार किसी राजनीतिक दल ने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह जीत की हैट्रिक मोदी जी के जनकल्याण, विकास और सुशासन को जनता का प्रचंड समर्थन है।

## नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है : सीएम यादव

नई दिल्ली, । मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उनके पुनर्वास और विकास संबंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और देशभर में नक्सली गतिविधियां अब अंतिम चरणों में हैं। डॉ यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की समीक्षा बैठक में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद निरोधक नीतियां बनाई जा रही हैं। अलग-अलग राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है, ये नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है। शाह ने भी कहा है कि हर तरफ कानून का राज स्थापित करना है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में कहा कि राज्य में पिछले दो साल में नक्सलियों के खिलाफ जितनी भी कार्रवाई हुई है, उतनी पिछले 30 साल में नहीं हुई। केंद्र सरकार ने भी इस बात को माना है। नक्सलवाद का पूरा तरह खात्मा होना चाहिए। इसके साथ ही विकास के आयाम भी स्थापित किए जा रहे हैं। सीमावर्ती प्रदेश छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के संबंध में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद फला-फूला। अब सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वहां इसका सफाया हो रहा है। पड़ोसी राज्य होने के नाते मध्यप्रदेश भी इस मुद्दे को लेकर सतर्क है।

# जम्मू-कश्मीर में रुझानों के बीच अब्दुल्ला का ऐलान, उमर बनेंगे सीएम

**- लोगों के दिए जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए**

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में मतगणना जारी है लेकिन इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव परिणामों के रुझानों के बीच बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है, उन्होंने साबित कर दिया है कि उन्हें पांच अगस्त को लिया गया फैसला मंजूर नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के सीएम होंगे।

बता दें कि जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना है। मंगलवार को चुनावी रुझानों में गठबंधन ने 90 में से 51 सीट पर बढ़त बना रखी है जबकि बीजेपी 28 सीट पर आगे है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और बीजेपी की झोली में अब तक दो-दो सीट आई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जारी रुझानों के मुताबिक पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) केंद्र शासित प्रदेश में दो सीट पर, सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस दो सीट पर जबकि निर्दलीय उम्मीदवार छह सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। रुझानों से पता चलता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 43 सीट पर आगे है जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस सात सीट पर आगे चल रही है। रुझानों में नेकां के उसके प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलने पर पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए।

अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। जो भी हो, पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। जनादेश के साथ कोई धोखेबाजी नहीं होनी चाहिए। अगर जनादेश बीजेपी के खिलाफ है, तो बीजेपी को कोई जुगाड़ या अन्य कोई चाल नहीं चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजभवन और केंद्र को लोगों के फैसले को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह हमने संसदीय चुनावों में किया था। उमर अब्दुल्ला सात दौर की गणना के बाद बडगाम विधानसभा सीट से 8,500 से ज्यादा मतों से आगे चल रहे है जबकि गांदरबल में वह छह दौर की गणना के बाद 5 हजार से ज्यादा वोट से बढ़त बनाए हुए हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता नजीर अहमद खान ने बीजेपी के फकीर मोहम्मद खान को हराकर लगातार चौथी बार गुरेज विधानसभा सीट से जीत हासिल कर ली है।

## दो दिवसीय नवमी बिहार राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का हुआ शानदार समापन

एजेंसी

**पटना :** सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वाधान में सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ पटना के द्वारा दो दिवसीय नवमी बिहार राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप -24 का आज शानदार समापन सह पुरस्कार वितरण समरोह में मुख्य अतिथि माननीय विधायक संजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जी न्यूज के ब्यूरो चीफ रजनीश जी तथा पटना की उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी ने पटना के नसीब स्पोर्ट्स एकेडमी रुकनपुरा में बच्चों को ट्राफी तथा मेडल एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत साफ्ट टेनिस एसोसिएशन आफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार तथा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक आजाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ीयो को संबोधित करते हुए लालगंज विधायक संजय कुमार सिंह ने बिहार में साफ्ट टेनिस के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा की जल्द ही साफ्ट टेनिस के विकास के लिए मंत्री से मिलकर खिलाड़ी के सुविधा के लिए हमलोग मिलकर अच्छे योजनाओं पर काम करेंगे। डीप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी ने साफ्ट टेनिस खेल के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए प्रयास करने की जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार रजनीश जी ने खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ीयो के सहयोग में हर संभव ततपर रहने की बात कहें। अतिथियों का स्वागत करते हुए महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया की इस मैच के रिजल्ट के आधार पर जूनियर तथा सब जूनियर ओपेन के नेशनल के लिए चंडीगढ़ जाएंगे। साथ हीं आगामी योजनाओं की जानकारी दिए। इसके साथ अंतर्राष्ट्रीय खेलने चीन जाने वाले तीन खिलाड़ियों का परिचय करवाया तथा जीत की शुभकामनाएं दी।

## सुबह ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां.... दोपहर होते-होते कांग्रेस ऑफिस में सन्नाटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी 50 के आंकड़े के करीब पहुंच गई है, वहीं कांग्रेस को 36 सीटें मिलती दिख रही हैं, मगर शुरुआत में यह रुझान नहीं थे। सुबह 8 बजे वोटों की गिनती के साथ कांग्रेस ने अच्छी खासी बढ़त बनाई हुई थी, शुरुवाती रुझान में आंकड़ा 55 को पार कर गया था। शुरुआती रुझानों को देखकर कांग्रेस के मुख्यालय में मिठाइयां तक बंटना शुरू हो गई थीं, सभी नेता और कार्यकर्ता ये मान चुके थे कि हरियाणा में जीत हमारी हो रही हैं। इसके ठीक 1 घंटे बाद तस्वीर ही बदल गई। रेस में पिछड़ती भाजपा तीसरी बार सरकार बनाती दिख रही है। वहीं कांग्रेस दफ्तर से लोग गायब हैं, और सन्नाटा सा पसर गया है।

वोटों की गिनती बुधवार की सुबह 8 बजे से शुरू हुई। पहले दो घंटे के शुरुआती रूझान यह

इशारा कर रहे थे कि 10 साल बाद कांग्रेस के सिर ही जीत का सहरा बंधेगा। उस समय कांग्रेस 55-59 सीटें, वहीं बीजेपी को 16 सीटें मिलती दिख रही थीं। कांग्रेस के बड़े नेताओं में पवन खेड़ा, जयराम रमेश सहित कई दिग्गज दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां भी बांटनी शुरू कर दी थीं,लेकिन कुछ देर बाद ही परिणाम बीजेपी के पक्ष में जाते दिखे।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। एक समय जीत का दावा करने वाली कांग्रेस के लिए अगले 1-2 घंटे में कहानी बदल गई। 16 सीटों पर सिमटती दिख रही बीजेपी ने पूरी बाजी पलट दी। भाजपा 49 सीटों पर आगे है, तब वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 50 से घटकर 36 पर पहुंच गया है। पार्टी के बाहर जश्न की तैयारियां शुरू कर देने वाले लोग अब गायब दिख रहे हैं। इस वक्त कांग्रेस मुख्यालय के बाहर रुझानों में पलटी का असर साफ दिख रहा है। पार्टी दफ्तर के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है।

## पेंशनर्स सावधान! व्हाट्सएप पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में दी चेतावनी

नई दिल्ली। पेंशनर्स को हर साल उस वित्तीय संस्थान में जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है जहां से उसे पेंशन मिलती है। इस बीच केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को एक अलर्ट जारी कर व्हाट्सएप पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी जारी की है। जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की डेट करीब आने के साथ ही धोखेबाज भी सक्रिय हो गए हैं। वे पॉपुलर मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के जरिए पेंशनर्स को निशाना बना रहे हैं। पेंशनर्स को व्हाट्सएप पर मैसेज मिलता है। इनमें दावा किया जाता है कि पुराने जीवन प्रमाण पत्र के कारण उनकी पेंशन खतरे में है। इसमें एक लिंक दिया जाता है और पेंशनर्स से कहा जाता है कि वे इस पर अपने बैंक खाते का विवरण या पीपीओ नंबर अपडेट करें। पेंशनर्स की व्यक्तिगत जानकारी मिलने के बाद स्कैमर्स इसका गलत यूज कर सकते हैं। वे पेंशनर्स के अकाउंट में सेंध लगा सकते हैं। सरकार इस बात पर जोर देती है कि जीवन प्रमाण पत्र के बारे में कभी भी व्हाट्सएप या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जानकारी नहीं मांगी जाती है। जीवन प्रमाण पत्र एक अनिवार्य दस्तावेज है। पेंशनर्स को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए इसे जमा कराना जरूरी होता है। घोटालेबाज पेंशनर्स को फर्जी संदेश भेजकर इसका फायदा उठा रहे हैं। इसमें वे पेंशनर्स को एक लिंक भेजकर दावा कर रहे हैं कि अगर इस पर जीवन प्रमाण पत्र अपडेट नहीं किया तो पेंशन रोक दी जाएगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक-डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**